तापमान

अधिकतम 33.5 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि

इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

जिले में चलेंगी 51 ई-बसें, नए रूट को जोड़ने का भी प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत दुर्ग-भिलाई क्लस्टर में कुल 51 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रस्तावित रूटों में दुर्ग रेलवे स्टेशन से पाटन के लिए उतई होते हुए 7 बसें तथा दुर्ग रेलवे स्टेशन और दुर्ग बस स्टैंड से उतई के लिए कुल 8 बसें प्रस्तावित हैं। हालांकि, प्रस्ताव सामने आने के बाद नागरिकों और क्षेत्रीय लोगों ने सवाल उठाए हैं कि जिन मार्गों पर पहले से यातायात के पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं, वहां अधिक बसें देने के बजाय उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए जहां आज भी नियमित सार्वजनिक परिवहन की सुविधा नहीं है।

इसे देखते हुए कई मार्गों पर बसें चलाने के लिए सुझाव दिया गया है। इसके आधार पर कार्ययोजना बनाई जा रही है।

दुर्ग-भिलाई क्लस्टर में 51 बसें चलाने की तैयारी, उतई-पाटन मार्ग पर अधिक बसें प्रस्तावित होने से अन्य क्षेत्रों की उपेक्षा का आरोप

इस रूट पर प्रस्तावित हैं बसों का संचालन

प्रस्तावित सूची के अनुसार दुर्ग रेलवे स्टेशन से पाटन, रायपुर बस स्टैंड, माना एयरपोर्ट, नया रायपुर, कचांदुर और उतई के लिए बसें संचालित की जाएंगी। वहीं दुर्ग बस स्टैंड से बेरला, उतई, साजा, गंडई, पावर हाउस और सीएम अस्पताल तक ई-बस सेवा प्रस्तावित है। कुल 51 बसों में से सबसे अधिक बसें पाटन और उतई रूट पर रखी गई हैं।

उतई क्षेत्र लिए 8 के बजाय चार बसें चले

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि दुर्ग से उतई के लिए पहले से निजी और अन्य यातायात साधन उपलब्ध हैं। ऐसे में इस मार्ग के लिए प्रस्तावित 8 बसों में से 4 बसों को अन्य जरूरतमंद क्षेत्रों में संचालित किया जा सकता है। उनका मानना है कि ई-बस सेवा का उद्देश्य केवल मौजूदा व्यस्त रूटों को मजबूत करना नहीं बल्कि उन गांवों, कॉलोनियों और औद्योगिक क्षेत्रों तक सार्वजनिक परिवहन पहुंचाना भी होना चाहिए, जहां लोगों को रोजाना आवागमन में परेशानी होती है।

इन चार नए रूटों का लोगों ने दिया सुझाव

पीएम बसों के संचालन की अधिसूचना जारी होने के बाद लोगों ने चार नए रूटों का सुझाव भी दिया है। इनमें दुर्ग-जुनवानी-गुथेली-भिंमौरी, पावर हाउस-भिलाई-सिरसा गेट-पाटन, दुर्ग-चिखली-नगपुरा-बोरई नवोदय विद्यालय तथा दुर्ग-जुनवानी-हथखोज-भिलाई-3 मार्ग शामिल हैं। उनका कहना है कि इन रूटों पर बस सेवा शुरू होने से छात्रों, श्रमिकों, कर्मचारियों और ग्रामीण यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

औद्योगिक क्षेत्र हथखोज व भिलाई-3 क्षेत्र में मांग

विशेष रूप से हथखोज और भिलाई-3 औद्योगिक क्षेत्र में प्रतिदिन हजारों कर्मचारी आते-जाते हैं, जबकि नगपुरा और बोरई क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचने के लिए पर्याप्त सार्वजनिक परिवहन नहीं है। इसी प्रकार गुथेली-भिंमौरी और सिरसा गेट-पाटन मार्ग पर भी नियमित बस सेवा की मांग लंबे समय से की जा रही है।



अंतिम स्वीकृति से पहले लोगों से प्रशासन लें सलाह

परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों का मानना है कि ई-बस सेवा की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि रूटों का चयन वास्तविक जरूरत और यात्री संख्या को ध्यान में रखकर किया जाए। यदि अंतिम स्वीकृति से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों के सुझावों पर विचार किया जाता है तो ई-बस नेटवर्क अधिक प्रभावी और जनहितकारी बन सकता है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। अब लोगों की निगाह इस बात पर टिकी है कि अंतिम रूट निर्धारण में स्थानीय जरूरतों को कितना महत्व दिया जाता है और क्या 51 बसों के इस प्रस्ताव में नए क्षेत्रों को भी जगह मिल पाती है।



खबर संक्षेप

दुर्ग रेलवे स्टेशन में टिकट चेकिंग, 246 पर कार्रवाई



भिलाई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल ने दुर्ग रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, 12 ट्रेनों में किलाबंदी टिकट चेकिंग में कुल 246 मामलों को दर्ज कर 1.59 लाख 870 रुपए में का राजस्व मिला। चेकिंग में बिना टिकट यात्रा करने वाले 150 यात्री पकड़े गए। जिससे 1.26 लाख 125 राजस्व मिला। अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 39 यात्रियों से 25 हजार 745 रूपये राजस्व मिला हुआ। अधिक लगेज लेकर यात्रा करने वाले 55 यात्रियों से 6 हजार, परिसर में कचरा फैलाने वाले से 2 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। टिकट चेकिंग अभियान में सहायक प्रबंधक अविनाश कुमार आनन्द, निरीक्षक टिकट चेकिंग 1 एवं 18 टिकट चेकिंग स्टाफ स्टाफ शामिल रहे। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए लगातार टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। नियमित रूप से कार्रवाई भी की जा रही है। ताकि बिना टिकट और संदिग्ध सामान के साथ यात्रा करने वालों पर कार्रवाई की जा सके। रेलवे का यह अभियान आगामी दो महीनों तक लगातार जारी रहेगा। रेलवे एक्ट का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी और उनसे जुर्माना भी वसूला जाएगा।

वीएसके एप से 79 प्रतिशत शिक्षक लगा रहे हाजिरी, जिले में 1200 शिक्षक अनुपस्थित

तीन महीने पहले शुरू किए गए एप में राज्य सरकार ने अब सैलरी काटने का जारी किया है फरमान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति अब वीएसके एप में अनिवार्य कर दी गई है। तीन महीने पहले शुरू किए गए इस एप की तकनीकी खांमिया सुधारने के बाद राज्य शासन ने नया फरमान जारी किया है। जिसके हिसाब से जितने दिन की हाजिरी एप में दर्ज होगी उतने दिन की सैलरी मिलेगी। जिला शिक्षा विभाग दुर्ग की वीकेएसके एप की रिपोर्ट ने चिंताजनक तस्वीर सामने आई है।

28 सितंबर तक की रिपोर्ट में जिले के तीनों विकासखंडों दुर्ग, धमधा और पाटन में कुल 5921 शिक्षकों में से 1200 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, जबकि 128 शिक्षक अवकाश पर और 127 शिक्षक ऑन ड्यूटी दर्ज किए गए। जिले में शिक्षकों की औसत उपस्थिति (ऑन ड्यूटी सहित) 79.72 प्रतिशत रही। रिपोर्ट के अनुसार जिले के 1092 स्कूलों में पदस्थ 5921 शिक्षकों में से 4593 शिक्षक उपस्थित मिले। हालांकि करीब 20 प्रतिशत शिक्षकों की गैरमौजूदगी ने स्कूलों में पढ़ाई की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। त्रैमासिक परीक्षाओं और नियमित शैक्षणिक गतिविधियों के बीच इतनी बड़ी संख्या में शिक्षकों का अनुपस्थित होना शिक्षा विभाग के लिए चिंता का विषय माना जा रहा है।



ब्लॉकवार शिक्षकों की स्थिति

धमधा ब्लॉक में उपस्थिति अच्छी

धमधा ब्लॉक में कुल 1493 शिक्षक दर्ज हैं। इनमें 1193 शिक्षक उपस्थित, 265 अनुपस्थित, 35 अवकाश पर तथा 35 ऑन ड्यूटी रहे। ब्लॉक के 327 स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति दर 82.25 प्रतिशत दर्ज की गई, जो जिले में सबसे अधिक है।

दुर्ग ब्लॉक में सबसे ज्यादा शिक्षक गैरहाजिर

दुर्ग ब्लॉक में कुल 2825 शिक्षक पदस्थ हैं। इनमें 2149 शिक्षक उपस्थित, 609 अनुपस्थित, 67 अवकाश पर और 62 ऑन ड्यूटी दर्ज किए गए। 435 स्कूलों वाले इस ब्लॉक में उपस्थिति दर केवल 78.27 प्रतिशत रही। जिले में सबसे अधिक अनुपस्थित शिक्षक भी इसी ब्लॉक में पाए गए।

पाटन ब्लॉक में 79.79% हाजिरी

पाटन ब्लॉक में कुल 1603 शिक्षक दर्ज हैं। इनमें 1251 शिक्षक उपस्थित, 326 अनुपस्थित, 26 अवकाश पर तथा 30 ऑन ड्यूटी रहे। 330 स्कूलों वाले इस ब्लॉक में शिक्षकों की उपस्थिति 79.91 प्रतिशत रही।

गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की उपस्थिति भी कम

वीएसके रिपोर्ट में गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की उपस्थिति भी संतोषजनक नहीं रही। जिले में कुल 495 कर्मचारियों में से 345 उपस्थित और 147 अनुपस्थित पाए गए। जिले की औसत उपस्थिति 69.90 प्रतिशत दर्ज हुई। धमधा में 108 कर्मचारियों में से 77 उपस्थित और 29 अनुपस्थित रहे तथा उपस्थिति 72.22 प्रतिशत रही। दुर्ग ब्लॉक में 254 कर्मचारियों में से 185 उपस्थित और 68 अनुपस्थित पाए गए, जबकि उपस्थिति 72.83 प्रतिशत दर्ज हुई। पाटन में 133 कर्मचारियों में से केवल 83 उपस्थित रहे और 50 अनुपस्थित मिले। यहां उपस्थिति सबसे कम 62.41 प्रतिशत रही।

संकुल समन्वयकों की उपस्थिति अपेक्षाकृत बेहतर

रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 145 संकुल समन्वयकों में से 67 उपस्थित, 77 अनुपस्थित, 1 अवकाश पर और 45 ऑन ड्यूटी दर्ज किए गए। ऑन ड्यूटी कर्मियों को शामिल करने पर जिले की उपस्थिति 77.24 प्रतिशत रही। धमधा ब्लॉक में 44 संकुल समन्वयकों में 23 उपस्थित और 15 ऑन ड्यूटी रहे, जिससे उपस्थिति 86.36 प्रतिशत रही। दुर्ग ब्लॉक में 75 में से 29 उपस्थित और 22 ऑन ड्यूटी दर्ज हुए, जबकि उपस्थिति 68 प्रतिशत रही। पाटन ब्लॉक में 26 में से 15 उपस्थित और 8 ऑन ड्यूटी रहे, जिससे उपस्थिति 88.46 प्रतिशत दर्ज की गई, जो जिले में सबसे अधिक है।

जन्म दिन की पार्टी मनाने जा रहे तीन युवकों की हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

तीन दोस्त जन्म दिन मनाने गए 5 युवको की कार हादसे का शिकार हो गई। घटना राजनांदगांव की है। घटना में मौत होने वाले तीन भिलाई शहर के रहने वाले है। सोमनी पुलिस ने बताया कि शनिवार देर रात भिलाई निवासी ठेकेदार अभिषेक सिंह ठाकुर, तोषण तिवारी,प्रशांत दास की कार टेडेसरा बस्ती के पास नेशनल हाईवे पर पुलिया से टकरा गई। हादसे में ठेकेदार समेत 3 लोगों की मौत हो गई। दो अन्य घायलों का अस्पताल का उपचार अस्पताल में जारी है। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। सभी युवक भिलाई से राजनांदगांव ढाबे में जा रहे थे। अभिषेक सिंह दुर्ग में इलेक्ट्रिकल एंड सिविल गवर्नमेंट कॉन्ट्रैक्टर के तौर पर छत्तीसगढ़ शासन के लिए काम करता था। 3 अक्टूबर को उसका जन्मदिन था। सभी दोस्त जन्म दिन मनाने के लिए कार भिलाई से राजनांदगांव की ओर ढाबे जा रही थी। तभी यह हादसा हुआ। हादसे में ठेकेदार अभिषेक सिंह ठाकुर, तोषण तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल प्रशांत दास का उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में रविवार को उसकी मौत हो गई। राजनांदगांव सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया क हादसे में दो की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक मेड़िकल कालेज में उपचार के दौरान हो गया है। पार्टी मनाने भिलाई से आ रहे थे।

- सभी भिलाई के रहने वाले
- टेडेसरा में कार पुल से टकराने से हुआ हादसा

नकली सोने के जेवरात गिरवी रख 8.25 लाख की ठगी, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

84.880 ग्राम नकली सोना मिला



नकली सोने के जेवरात को गिरवी रख 8.25 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया है।

एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि भोई पारा दुर्ग निवासी पवन कुमार जैन ने शिकायत किया कि 28 से 30 सितंबर को महिला और पुरुष नकली सोने के जेवरात 84.880 ग्राम, गिरवी रखाकर कुल 8,25,000 रुपये नगद रकम लेकर फरार हो गए। शिकायत दुर्ग कोतवाली में की गई थी, विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने आरोपियों की पतासाजी कर करते हुए शिवानंद नगर रायपुर निवासी रमेश कुमार, कादम्बरी नगर, स्ट्रीट नंबर 08, मीनाक्षी विला मीनाक्षी बाघ को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर घटना में शामिल होना स्वीकार किया। पुलिस ने कथन के आधार पर नकली सोने के जेवरात उपलब्ध कराने वाले कबीर नगर, रायपुर, निवासी राजेश अग्रवाल की पतासाजी में जुटी रही। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार होने के बाद न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपियों ने नकली सोने के जेवरात को वास्तविक सोने के जेवरात के रूप में पेश कर गिरवी रखा गया था। इसके बदले नगद राशि लेकर ठगी किए थे। विवेचना में सामने आए तथ्यों के आधार पर नकली जेवरात उपलब्ध कराने वाले आरोपी का शिनाख्त पुलिस ने किया। आरोपियों ने सहेली आर्म्स दुर्ग में घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के पास से पुलिस ने 4 मोबाइल नकली सोने के जेवरात 84.880 ग्राम बरामद किया।



तैयारी नवरात्र को देखते हुए पुलिस अलर्ट

ट्रैफिक पुलिस ने ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट से लेकर हाईवे तक लगाया पाइंट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सड़क हादसों को लेकर ट्रैफिक पुलिस विशेष अभियान चलाकर ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट से लेकर हाईवे तक लगातार निगरानी, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कसने का प्रयास किया जा रहा है। ब्लैक स्पॉट एवं ग्रे स्पॉट पर विशेष निगरानी हादसों संभावित स्थानों पर समयानुसार वाहन चेकिंग, पेट्रोलिंग की जा रही है।

ट्रैफिक पुलिस अलग अलग 10 स्थानो पर फक्सि पॉइंट लगाकर ई चालान की कार्रवाई की जा रही है। हाईवे पर खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई हाईवे पेट्रोलिंग द्वारा लगातार गश्त कर सड़क पर खड़े खराब, लापरवाहीपूर्वक पार्क किए गए वाहनों को सुरक्षित स्थान पर हटाया जा रहा है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर रात के समय विशेष चेकिंग पॉइंट लगाकर नशे में वाहन चलाने वाले चालकों की जांच कार्रवाई की जा रही है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हादसा संभावित स्थानों पर फोकस सड़क हादसों के कारणों का चन्हिांकन कर लगातार निगरानी



कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा जिले में सड़क हादसों को रोकने सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से विशेष प्रयास किया। ट्रैफिक पुलिस हादसों संभावित क्षेत्रों की पहचान कर विशेष निगरानी, वाहन चेकिंग पेट्रोलिंग की जा रही है। जिले के ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट, शहरी ग्रामीण क्षेत्रों के दुर्घटना संभावित स्थानों हाईवे पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रिकालीन विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। हादसों के संभावित एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष चेकिंग पॉइंट लगाया गया है।

बाइक सवार दूध बेचने वाले से जेवरात झपटने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बाइक सवार दुध बेचने वाले के साथ जेवरात झपटने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि धनोरा स्थित द मार्क होटल के पास हुई सोने के लॉकेट की झपटमारी गोवर्धन चौक बीर सिंह ने शिकायत किया। जिसमें धनोरा से बाइक पर दूध बांटने निकला था। दूध वितरण के बाद वापस अपने घर जा रहा था। तभी द मार्क होटल, धनोरा के पास दो बाइक सवार रास्ते में मिले। एक युवक ने पीड़ित की बाइक पर पीछे बैठ गया। कुछ दूरी आगे जाने के बाद पीछे बैठे व्यक्ति ने पीड़ित के गले में पहने सोने के लॉकेट को झपट लिया। दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस टीम द्वारा घटना से जुड़े सुरागों के आधार पर संदेही राहुल सोनी को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने सहयोगी गंजपारा, उत्कल कॉलोनी, दुर्ग निवासी रोहित उर्फ रोहन, नागेश के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से झपटमारी किया गया सोने का लॉकेट एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। सोने की कींमत 18 हजार और बाइक को भी जब्त किया गया है?



- सुराग व पूछताछ के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त

खबर संक्षेप



समारोह में दिखी महिलाओं की प्रतिभा मिला सम्मान

दुर्ग। महिला और बाल विकास विभाग द्वारा वार्ड 12 के शंकर नगर जागृति चौक स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में आंगन मिलन व सेवा संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड 8 के पार्षद खालिद रिजवी शेरू शामिल हुए। वहीं वार्ड 12 के पार्षद अजीत वैद्य, उपाध्यक्ष चंचल सेन, बिंदेश्वरी कश्यप और मितानिन मनीषा वैष्णव सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं। समारोह के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता, अन्नप्राशन संस्कार, गोदभराई कार्यक्रम तथा स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता प्रमुख रहे। महिलाओं और बच्चों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं, बच्चों और परिवारों को पोषण, स्वास्थ्य व आंगनबाड़ी सेवाओं से जोड़ने का संदेश भी दिया गया।

एग्रीस्टेक का पंजीयन 30 अक्टूबर तक बढ़ा

दुर्ग। धान खरीदी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों एवं उनके सह-हिस्सेदारों का शत-प्रतिशत एग्रीस्टेक पंजीयन होना अनिवार्य है। इस हेतु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से सम्बद्ध सेवा सहकारी समिति में संचालित कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से एग्रीस्टेक पंजीयन का कार्य अपने आश्रित ग्रामों में शिविर आयोजित कर किया गया। जिला दुर्ग में कुल 87 समितियों के आश्रित ग्रामों में 10 से 30 सितम्बर तक शिविर का आयोजन किया गया था जिसकी समीक्षा करने पर अपेक्षाकृत प्रगति नहीं हुई है। जिले में 456941 बकेट क्लेम में से मात्र 140487 की पूर्ति हुई है। 5 से 30 अक्टूबर तक बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये है। किसान एवं सह हिस्सेदार शिविर में, समिति सीएससी एवं पटवारी के माध्यम से बकेट आईडी बनवा सकते है। प्रदेश में सर्वाधिक दुर्ग जिले का 456941 बकेट क्लेम सहमति सत्यापन का पंजीयन किया जाना है, जिसे शिविर के माध्यम से शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लक्ष्य है।

जुनवानी में बदहाली का आलम, सुविधाओं को तरस रहे लोग

तंबू में हो रहा अंतिम संस्कार, जर्जर सड़कें, गंदगी से बजबजाती नालियां और जलकुंभी से पटा शीतला तालाब

वार्ड परिक्रमा नगर निगम भिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई के वार्ड क्रमांक 1 जुनवानी में वार्ड परिक्रमा के दौरान मूलभूत सुविधाओं की कमी से जुड़ी कई समस्याएं सामने आईं। जर्जर सड़कें, बजबजाती नालियां, सफाई की कमी और तालाब में फैली जलकुंभी से लोग परेशान हैं। सबसे गंभीर स्थिति मुक्तिधाम की बताई गई, जहां बारिश के दौरान अंतिम संस्कार के लिए लोगों को जलती चिता को पानी से बचाने के लिए ऊपर झिल्ली लगानी पड़ती है। वार्डवासियों के मुताबिक नगर निगम के नेहरू नगर जोन-1 के अंतर्गत आने वाले इस वार्ड में पानी की समस्या भी बनी हुई है। नियमित सफाई नहीं होने के कारण कई जगह नालियां गंदगी से भर गई हैं। जिस स्थान पर बाजार लगता है, वहां भी सफाई व्यवस्था को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई। सतनामी पारा की सड़क लंबे समय से जर्जर बताई गई, जबकि बजरंग पारा में लोगों ने सीसी रोड और नाली निर्माण की मांग रखी। वार्ड के शीतला तालाब की स्थिति भी चिंता का विषय बनी हुई है। तालाब में बड़ी मात्रा में जलकुंभी फैली हुई है और गंदगी के कारण पानी का रंग भी काला पड़ गया है। सीमा यादव, त्रिवेणी यादव, चमेली, रेशमा, बिंदु, नीतू सहित स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब की सफाई के लिए नगर निगम आयुक्त और कलेक्टर को कई बार आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कार्रवाई के बजाय आश्वासन ही मिला है। इसी तालाब का उपयोग स्थानीय लोग अंतिम संस्कार के बाद होने वाले क्रिया-कर्म के लिए भी करते हैं। ऐसे में तालाब की बदहाल स्थिति से लोगों में नाराजगी है।

वार्डवासियों ने की सामाजिक भवन की मांग









सामुदायिक भवन की कमी



अमरदीप साहू ने बताया कि वार्ड में सामुदायिक भवन की कमी है। उनके अनुसार वर्ष 2023 में विधायक निधि से शीतला माता मंदिर के लिए भवन का निर्माण कराया गया था, लेकिन उसका उपयोग आम जनता सामुदायिक आयोजनों के लिए नहीं कर पाती। इसके चलते किसी आयोजन के दौरान लोगों को सड़क पर टेंट लगाकर कार्यक्रम करना पड़ता है। क्षेत्र में सड़कों की हालत भी जर्जर स्थिति में है। इसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पार्षद विहीन वार्ड में समस्याओं का अंबार



रामअवतार साहू ने बताया कि बताया कि फिलहाल वार्ड पार्षद विहीन है। ऐसे में सड़क, नाली, पानी, सफाई और तालाब जैसी समस्याओं के निराकरण को लेकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ माह बाद निकाय चुनाव प्रस्तावित हैं। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि आने के बाद वार्ड की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा और लंबे समय से चली आ रही परेशानियों का समाधान होगा।

श्मशान घाट में शेड की मांग



स्थानीय निवासी सोनू यादव ने बताया कि श्मशान घाट में शेड की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दौरान अंतिम संस्कार में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार जलती चिता को बारिश से बचाने के लिए अस्थायी रूप से झिल्ली का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने श्मशान घाट में स्थायी शेड निर्माण सहित सौंदर्यीकरण की मांग की।

सांसद विजय बघेल का फूल मालाओं से सम्मान



भिलाई। नगर निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र के वार्ड 1 इंदिरा नगर हथखोज में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल शामिल हुए। विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से सांसद का स्वागत व सम्मान किया। अन्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, प्रवक्ता प्रेमलाल साहू, सांसद प्रतिनिधि विपिन चन्द्राकर सहित गोवर्धन उपाध्याय, रामनारायण शर्मा, उपेन्द्र साव, बालकृष्ण चौहान, भिखू बंछोर, महेन्द्र श्रीवास्तव, भीम निर्मलकर, रमेश वर्मा, प्रवीण वर्मा, वागेश सिन्हा, अमित चन्द्राकर, दुर्गेश वर्मा, उमाशंकर साहू, मिथलेश यादव, रवि निर्मलकर, तरूण वर्मा, तुषार श्रीवास्तव, पंकज सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

सेवानिवृत्त प्राध्यापकों और कर्मियों के आंदोलन को पेंशनर्स का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य अनुदान प्राप्त प्राध्यपकों, कर्मचारियों के आंदोलन को भारतीय पेंशनर्स मंच ने समर्थन दिया है। संगठन ने कहा कि शासन आंदोलनरत प्राध्यापकों और कर्मचारियों की जायज मांगों को तत्काल पूरा करे। अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों के सेवानिवृत प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को 1 सितंबर 2026 से देय पेंशन एवं ग्रेच्यूटी पर भुगतान करने से छन राज्य शासन द्वारा एकतरफा रोक लगा दिया गया है, जिसकी वजह से प्रभावित प्राध्यापकों व कर्मचारियों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है, जो कि अमानवीय एवं नाजायज है।

कांग्रेस का लोकतंत्र बचाओ सप्ताह का आगाज, विरोध में कल पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 2 से 8 अक्टूबर तक आयोजित लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल एवं भिलाई नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के संयुक्त नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा, नागरिक अधिकारों तथा जनहित से जुड़े विषयों को लेकर सभी सहयोगी दलों के बीच आपसी समन्वय मजबूत करने और संयुक्त रूप से जनहित के मुद्दों को उठाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने पर सहमति जताई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे इंडिया गठबंधन के तत्वावधान में संयुक्त पैदल मार्च निकाला जाएगा। पैदल मार्च के माध्यम से लोकतंत्र, संविधान, मताधिकार एवं नागरिक अधिकारों की रक्षा का संदेश आम जनता तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष रज्जाक अली, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव कामरेड एसपी डे, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव कामरेड विनोद कुमार सोनी तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कामरेड विजेंद्र तिवारी ने अपने-अपने दलों की ओर से संयुक्त कार्यक्रम में सहयोग एवं समर्थन की घोषणा की। बैठक के बाद इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर लोकतंत्र, संविधान, मताधिकार एवं नागरिक अधिकारों से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश ठाकुर, धीरज बाकलीवाल, मुकेश चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, संजय कोहले सहित अन्य मौजूद थे। राकेश ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जनता के अधिकारों और संविधान की रक्षा से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के माध्यम से लोकतांत्रिक अधिकारों, मताधिकार और संविधान की रक्षा के लिए संयुक्त रूप से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 6 अक्टूबर को होने वाला पैदल मार्च इसी सामूहिक प्रयास का हिस्सा है।

7 को सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं विकसित भारत का संकल्प कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जन सेवा के प्रति आभार व्यक्त करना, विकसित भारत 2047 का सामुहिक संकल्प लेना, केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचा कर व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। इसी कड़ी में आगामी 07 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं विकसित भारत का संकल्प कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन के संबंध में प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ने अधिकारियों एवं आम नागरिकों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में सुरेन्द्र कौशिक, चंद्रिका चंद्राकर, विनोद अरोरा तथा कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारीगण एवं यात्रा आयोजन से सम्बंधित नोडल विभाग के अधिकारी सम्मिलित हुए।

महापौर ने एमआईसी मेंबर के साथ किया निरीक्षण

हरनाबांधा तालाब होगा कब्जे से मुक्त, स्वयं हटाएं अतिक्रमण, नहीं तो निगम हटाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

तकियापारा वार्ड 8 स्थित हरनाबांधा तालाब के चारों ओर अतिक्रमण की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए महापौर अलका बाघमार ने रविवार को0 वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान एमआईसी मेंबर, पार्षद और निगम के अधिकारी मौजूद थे। महापौर ने तालाब के किनारे किए गए पुराने एवं नए अतिक्रमण का जायजा लिया। नागरिकों एवं शिकायतकर्ताओं ने महापौर को बताया कि कुछ लोगों द्वारा तालाब की सीमा की ओर बढ़कर अवैध रूप से कब्जा किया गया है तथा घर एवं अन्य निर्माण किए गए हैं। महापौर अलका बाघमार ने मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों को अतिक्रमण किए गए स्थानों का निरीक्षण कर नियमानुसार अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तालाब की वास्तविक सीमा एवं शासकीय भूमि का चिन्हांकन करते हुए अतिक्रमण की स्थिति स्पष्ट की जाए और नियमानुसार कार्रवाई की जाए।हरना बांधा तालाब के चारों ओर लंबे समय से हो रहे अवैध कब्जे एवं लगातार बढ़ते अतिक्रमण की शिकायतों को महापौर ने गंभीरता से लेते हुए आज स्थल निरीक्षण किया।उन्होंने मौके पर पहुंचकर तालाब के चारों ओर की स्थिति का जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से अतिक्रमण को लेकर जानकारी ली।

शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना प्राथमिकता : महापौर

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि हरना बांधा तालाब शहर की महत्वपूर्ण जल संरचनाओं में शामिल है। तालाबों और उनके आसपास की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त रखना नगर निगम की प्राथमिकता है। तालाब के किनारे जिन लोगों ने अवैध रूप से निर्माण अथवा कब्जा किया है, वे स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लें। यदि स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो निगम प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जलस्रोतों का संरक्षण केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। तालाबों को अतिक्रमण एवं गंदगी से मुक्त रखने के लिए नागरिक निगम प्रशासन का सहयोग करें और शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की जानकारी निगम को दें।

कब्जा हटाने के साथ मौके पर रखी जाएगी निगरानी

महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब क्षेत्र में नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि शहर के जलस्रोतों को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम लगातार उठाए जाएंगे। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य शेखर चन्द्राकर एवं ज्ञानेश्वर तामकार, पार्षद खालिक रिजवी शेरू एवं आशीष चन्द्राकर,जितेंद्र जीतू तामकर, एल्डरमैन अनूप सोनी, उप अभियंता विनोद मांझी, करण यादव सहित जाकिर खोकर, वसीम कुरैशी एवं बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे



अविरल भक्ति और समर्पण का संदेश दे गए आचार्य, श्रीराम कथा में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का समापन रविवार को हुआ। अंतिम दिवस पर आचार्य पं. युवराज पांडेय जी महाराज ने अरण्य कांड और किष्किंधा कांड की दिव्य कथा सुनाई, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

महाराज ने बताया कि चित्रकूट से विदा लेकर भगवान राम महर्षि अत्रि के आश्रम पहुंचे, जहाँ माता अनुसूया ने माता सीता को नारी धर्म का उपदेश दिया। उन्होंने बताया कि नारी चार प्रकार की होती है - उत्तम, मध्यम, निकृष्ट और अधम। उत्तम नारी वही है जो मन-वचन-कर्म से अपने पति में ही परमात्मा को देखती है। वन में आगे बढ़ने पर राम जी ने हड्डियों का विशाल ढेर देखा। ऋषि-मुनियों ने बताया कि ये हड्डियां संतों की हैं, जिन्हें रावण के राक्षस खा जाते थे। यह देख भगवान राम ने प्रतिज्ञा ली कि वे इस धरती को निशाचर विहीन कर देंगे। कथा के अंत में महाराज जी ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति से जोड़ते हुए कर्मा, ददरिया, सुवा, पंथी और भरथरी के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर पूरा पंडाल झूम उठा। पूरे पंडाल में 'श्री राम जय राम जय जय राम' का जयकारा गूंज उठा।

पूरे पंडाल में गूंज उठा 'श्री राम जय राम जय जय राम' का जयकारा

राजनीति के लोग कथा में फॉर्मेलिटी न करें

महाराज ने मंच से कहा कि राजनीति के लोग कथा में फॉर्मेलिटी न करें। उन्होंने कहा कि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू स्वयं रामायण के टीकाकार हैं, मैं उनसे सुनना चाहता हूं। ताम्रध्वज साहू ने सातों दिन कथा बैठकर सुनी। महाराज ने कहा कि सात दिन की कथा में से एक ही बात को पकड़ लो तो उद्धार हो जाएगा। अपनी ज्ञान की झोली खाली करके आना और यहाँ से भरकर जाना।



ताम्रध्वज साहू ने किया आभार व्यक्त

समापन अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने आचार्य जी का हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने क्षेत्र की जनता, प्रशासन, सभी विभागों, आम जनमानस और आयोजक समिति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कथा हमारे क्षेत्र के लिए सौभाग्य है। कथा के समापन के अवसर विधायक भिलाई देवेंद्र यादव, वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन, अलोक, दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बकालीवाल सहित गणमान्य जन उपस्थित थे। कथा समापन के बाद विशाल महाभंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भागवत कथा के चौथे दिन ध्रुव चरित्र व प्रहलाद प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



अंडा। ग्राम लोन्डी में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक संत श्री निरंजन महाराज (लिमतरा) ने ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, नरसिंह अवतार एवं प्रहलाद चरित्र का संगीतमय वर्णन किया। महाराज ने कहा कि बालक ध्रुव और प्रहलाद की अटूट भक्ति यह संदेश देती है कि निश्छल मन से की गई ईश्वर भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती। नरसिंह भगवान के प्राकट्य प्रसंग पर पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। साहू परिवार द्वारा आयोजित यह कथा 9 अक्टूबर तक चलेगी।

खबर संक्षेप

घेराबंदी कर पकड़ा पुलिस ने 5 लीटर शराब जब्त



अण्डा। गुण्डरदेही पुलिस ने ग्राम डौकीडीह स्थित डुडिया तालाब के पास एक व्यक्ति को 32 पौव्वा रोमियो देशी प्लेन शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से बरामद शराब की कुल मात्रा 5.760 बल्क लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 2,560 रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार 1 अक्टूबर को पुलिस टीम क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि डौकीडीह के डुडिया तालाब के पास एक व्यक्ति अधिक मात्रा में अवैध शराब रखे हुए है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के बाद पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। वहां एक व्यक्ति सफेद प्लास्टिक बोरे में शराब रखे मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम दिनेश सूर्यवंशी 40 वर्ष, निवासी अण्डा, थाना अण्डा, जिला दुर्ग बताया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने की बात लिखित में बताई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 32 पौव्वा रोमियो देशी प्लेन शराब, कुल 5.760 बल्क लीटर, कीमत 2,560 रुपये बरामद कर जब्त की। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर 1 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही श्रुति सिंह के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में प्रशिक्षु उप निरीक्षक धनेश्वर कंवर, आरक्षक यशवंत देशमुख एवं आरक्षक पंकज तारम की विशेष भूमिका रही।

संगोष्ठी एवं पितर मानस महोत्सव में जुटे ग्रामीण



उतई। मानस शक्ति केंद्र क्रमांक 3 पाहंद (अमलेश्वर) के अंतर्गत ग्राम सांकरा में 'पुरखा के सुरता मानस संगोष्ठी एवं पितर मानस महोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सभापति नीलम चंद्राकर एवं सरपंच रवि सिंगौर ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में पुरखों के संस्कारों व जीवन मूल्यों को याद करते हुए सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, टीकाराम साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

निधन

अंकित पाणिग्रही



भिलाई। शंकर विलास होटल, सेक्टर 4 ए मार्केट निवासी गौरी शंकर पाणिग्रही के कनिष्ठ पुत्र अंकित पाणिग्रही (33 वर्ष) का आज 4 अक्टूबर उनके निवास स्थान पर निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

निजी बैंक के विरुद्ध एकजुट हैं किसान, परिणाम का इंतजार है सभी को

किसान आंदोलन को मिला बड़ा समर्थन भारतीय किसान यूनियन ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

विद्रोही का ऐलान, दिल्ली की तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ में आंदोलन



निजी बैंक ऋण माफी सहित विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का आंदोलन लगातार जारी है। 26 दिनों से किसान क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे हैं। आंदोलन को अब भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न किसान संगठनों और किसान नेताओं का समर्थन मिला है। समर्थन के बाद आंदोलन को प्रदेश स्तर पर और व्यापक रूप देने के संकेत मिल रहे हैं।

आंदोलन के समर्थन में प्रवीण क्रांति (प्रदेश प्रभारी भारतीय किसान यूनियन), तेजराम विद्रोही (प्रदेश अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन टिकैत छत्तीसगढ़), मनोज कुमार साहू (किसान मोर्चा गरियाबंद), अधिवक्ता किशोर कुमार टंडन (जिला अध्यक्ष किसान संघ बेमेतरा), राजकुमार गुप्ता (प्रदेश संयोजक छत्तीसगढ़ प्रगतिशील संगठन) तथा ढालेश साहू (जनपद सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग एवं किसान नेता) ने समर्थन दिया। किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने कहा कि आज किसान को अपनी ही फसल का रेट तय करने का अधिकार नहीं है। किसान लगातार 26वें दिन भूख हड़ताल पर बैठा है, बावजूद इसके किसानों की आवाज को राजनीतिक चश्मे से देखा जा रहा है।

राजकुमार गुप्ता ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान अपने हक के लिए लड़ रहा है, लेकिन चुनाव के समय वोट मांगने वाले जनप्रतिनिधि आज गायब हैं। उन्होंने कहा कि किसानों पर राजनीतिक दलों का तमगा लगाया जाता है, लेकिन हक की लड़ाई में कोई साथ नहीं आ रहा है, इसलिए किसान अपनी लड़ाई स्वयं लड़े।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष तेजराम विद्रोही ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जिस तरह किसानों ने कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली में करीब 14 महीने तक आंदोलन किया था, उसी तरह अब छत्तीसगढ़ में भी किसानों की लड़ाई को आगे बढ़ाया जाएगा।

अंचल की खबरें

'सेवा संकल्प अभियान' में दी योजनाओं की जानकारी



जामगांव आर। ग्राम धमना पंचायत भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने ग्रामीणों को महतारी वंदन योजना, बाल संदर्भ योजना, सक्षम स्वावलंबन और सुकन्या समृद्धि योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में यशोदा टोनडे ने महिलाओं व बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य देखभाल और पोषण के महत्व को समझाया। महतारी वंदन योजना की हितग्राही कुसुम साहू ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग वे अपने बच्चे के बेहतर पोषण व खान-पान में कर रही हैं। आयोजन में जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू, चंद्रमुखी साहू, यशोदा टोनडे, कुसुम साहू, पूर्व सरपंच उषा महलवार, कौशल्या महलवार, हेमा साहू, सरस्वती यादवर, ललिता साहू, लता साहू एवं समस्त हितग्राही महिलाएं उपस्थित थे।

पुलिस ने चलाया साइबर जागरुकता अभियान



पाटन। दुर्ग पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक (छावनी) के मार्गदर्शन में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत पुरानी भिलाई थाना पुलिस द्वारा ग्राम घुघुवा(क) में साइबर अपराध जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। थाना प्रभारी पुरानी भिलाई एवं पुलिस टीम ने ग्रामीणों को वर्तमान में पनप रहे साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए। किसी भी अनजान लिंक, एपीके फाइल, लॉटरी या नौकरी के लुभावने मैसेज पर क्लिक न करें। अपना ओटीपी, बैंक खाता संख्या, सीवीवी या आधार विवरण किसी से साझा न करें। ओलेक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम व व्हाट्सएप पर सस्ते सामान के लालच से बचें। अश्लील वीडियो कॉल (सेक्सटॉर्शन) से डरें नहीं, बल्कि तुरंत पुलिस को सूचित करें। साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल 1930 राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें। कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत पाटन के सभापति प्रणव शर्मा, ग्राम सरपंच शैलेन्द्री साहू आदि उपस्थित थे।



मितानिनों व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सम्मान शिविर में लोगों को मिली स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सेवा संकल्प अभियान के तहत सिविल अस्पताल नगपुरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया।

शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मितानिनों, एमटी एवं हितग्राहियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़े के रूप में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी सेवा है और सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। विधायक ने कहा कि मितानिन बहनें स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। गांव-गांव जाकर लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण से ही विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में जिला मंत्री गिरेश साहू, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर यादव, सुखदेव देवांगन, देवेन्द्र साहू, बीएमओ देवेन्द्र किशोर बेलचंदन, डॉ. ज्योति ध्रुव, खुरसूल सरपंच सुनीता लहरी, मंडल उपाध्यक्ष दीप्ती कटघोरे, डॉ. नरेन्द्र जैन आदि उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत आमटी में उत्साहपूर्वक मनाया गया 'आंगन मिलन' उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



ग्राम पंचायत आमटी में सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी एवं स्कूली बच्चों ने खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मटकी फोड़ सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों को पोषण और संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए पौष्टिक भोजन को आवश्यक बताते हुए आंगनबाड़ी सेवाओं से जुड़ी जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, सचिव उत्तम देशमुख, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक कंचन गौतम, पंच देवेंद्र देशमुख एवं चमेली निषाद, रोजगार सहायक देवकुमार साहू सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशिकला चौधरी, कामिन साहू, सरस्वती साहू एवं सहायिकाएं रामहीन पटेल, परागा पटेल और सूरतिया साहू उपस्थित रहीं। इसके अलावा कोटवार जसवंत वर्मा, मितानिन ललिता चौधरी, रूखमणी साहू, नीता साहू, थानेश्वरी साहू सहित ग्रामीणजन मोहनलाल, कन्हैया चौधरी, तोरण निषाद, नीता चौधरी, सीता पटेल, तामेश्वरी निषाद आदि मौजूद थे।

गर्भवती महिलाओं की कराई गई गोदभराई



भिलाई। भटगांव में आंगन मिलन सेवा शिविर का आयोजन प्राथमिक शाला भटगांव में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा जेवरा सिरसा मंडल अध्यक्ष घनश्याम साहू थे। अध्यक्षता महामंत्री सचेंद्र राजपूत व सुखनंदन देशमुख ने की। विशेष अतिथि जनपद सदस्य रजनी साहू, सरपंच हुपेंद्र (पप्पू) देशमुख, उपसरपंच कमलनारायण साहू, पंच चंद्रकिशोर देशमुख थे।। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक, सुपरवाइजर सहित मितानिन व ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराई गई व नवजात शिशुओं का अन्न प्रासन्न कराया गया। रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं व मितानिनों का सम्मान किया गया। महिलाओं के लिए मटकी फोड़, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिमा शर्मा, रेणु साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

बिजनेस साइट

पुष्य नक्षत्र पर आज होगा सुवर्णप्राशन संस्कार, निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श भी



भिलाई। आयुर्वेदिक परंपरा में बाल स्वास्थ्य से जुड़े सुवर्णप्राशन संस्कार को लेकर 5 अक्टूबर को स्मृति नगर भिलाई स्थित माधवबाग आयुर्वेदिक क्लीनिक और पंचकर्म सेंटर में विशेष आयोजन किया जाएगा। पुष्य नक्षत्र के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के लिए सुवर्णप्राशन संस्कार के साथ निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। आयोजकों के अनुसार भारतीय परंपरा में मानव जीवन को संस्कारित करने के लिए षोडश संस्कारों का उल्लेख मिलता है। इनमें जातकर्म संस्कार को चौथा संस्कार माना गया है। आयुर्वेद की कौमारभृत्य परंपरा में भी सुवर्णप्राशन का उल्लेख मिलता है। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को बच्चों के आहार-विहार, शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा आयुर्वेदिक जीवनशैली से संबंधित चिकित्सकीय मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके साथ ही पंचकर्म एवं अन्य आयुर्वेदिक थेरेपी पर 50 प्रतिशत तक की छूट दिए जाने की जानकारी भी आयोजकों ने दी है। इनमें स्नेहन, स्वेदन, बस्ती, कटि बस्ती, मन्या बस्ती, कपिंग, शिरोधारा, हृदय धारा और हृदय बस्ती जैसी थेरेपी शामिल हैं।

'सेवा सेतु शिविर' में तीन लोगों ने किया नेत्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन



नगर पंचायत पाटन स्थित स्वर्गीय खूबचंद बघेल सभागार में आयोजित सेवा सेतु अभियान शिविर में जनसमस्याओं के निराकरण के साथ-साथ समाज को प्रेरणा देने वाली मिसाल देखने को मिली। शिविर में पहुंचे पाटन क्षेत्र के तीन नागरिकों—ममता बिजौरा, नीता देवांगन और नेम सिंह भारद्वाज ने नेत्रदान की घोषणा कर सभी को अभिभूत कर दिया। तीनों ने इस संबंध में आवश्यक प्रपत्र भरकर विभाग के स्टॉल में जमा कराए। इस प्रेरणास्पद पहल पर शिविर मंच से ही संभागीय आयुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शाल व श्रीफल भेंटकर तीनों दानदाताओं का सम्मान किया। संभागायुक्त ने इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए आमजन से देहदान एवं नेत्रदान के लिए आगे आने की अपील की।

- 140 समस्याओं का मौके पर ही समाधान

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उनसे प्राप्त आवेदनों का समाधान किया गया। कुल प्राप्त 161 आवेदनों में से 140 का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष 21 आवेदनों के लिए समय-सीमा तय की गई। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर व कलेक्टर ने अधिकारियों को आवेदनों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रत्येक भूमि खातेदार को किसान पंजीयन कराने का महत्व बताते हुए सेवा सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र या तहसील कार्यालय में पंजीयन कराने का आह्वान किया। शिविर में संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को अधिकार अभिलेख, निःशुल्क खसरा बी-वन, वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति कार्ड, श्रमिक कार्ड, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना कार्ड एवं पीएम स्वनिधि प्रमाण पत्र का वितरण किया। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पाटन एसडीएम प्रफुल्ल गुप्ता, लोकमणि चंद्राकर, सीएमओ हेमंत वर्मा, सीईओ महेंद्र जांगड़े, तहसीलदार मनोज गुप्ता, नायब तहसीलदार मनोज रस्तोगी, अतिरिक्त सीईओ सुश्री श्वेता यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।



बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव नहीं होने की कीमत चुका रहे हजारों कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इंटक ने जल्द चुनाव करवाने प्रबंधन पर बनाया दबाव, ईडी को सौंपा ज्ञापन

भिलाई इस्पात संयंत्र पिछले दो साल से मान्यता यूनियन नहीं होने की कीमत हजारों कर्मचारियों को चुकानी पड़ रही है। टाउनशिप की बुनियादी सुविधाओं सहित कर्मियों से जुड़ी कई समस्याओं के नहीं सुलझने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए यूनियनों ने प्रबंधन पर चुनाव करवाने दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। इंटक ने भिलाई इस्पात संयंत्र में यूनियनों की मेंबरशिप वेरीफिकेशन प्रक्रिया और चुनाव जल्द प्रारंभ कराने की मांग को लेकर प्रबंधन को पत्र सौंपा है।

गौरतलब हो कि बीएसपी बीएसपी कर्मचारी अपनी मान्यता यूनियन चुनने के लिए हर दो साल में नई प्रतिनिधि यूनियन का चुनाव करते हैं। कर्मियों द्वारा निर्वाचित इस यूनियन के पास लोकतांत्रिक ताकत होने से कर्मियों की मांगों को प्रबंधन गंभीरता से लेता है। लेकिन दो साल पहले मान्यता यूनियन का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब तक उप श्रमायुक्त और प्रबंधन द्वारा चुनाव नहीं करवाने का खामियाजा कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है।

स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक के महासचिव संजय कुमार साहू ने बताया कि बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राहुल थोटे को ईडी के नाम पत्र सौंपकर मेंबरशिप वेरीफिकेशन चुनाव की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की। इस संबंध में जल्द ही उप श्रम आयुक्त (केंद्रीय), रायपुर को भी पत्र प्रेषित किया जाएगा।

यूनियन के अनुसार बीएसपी की यूनियनों की पिछली मेंबरशिप वेरीफिकेशन चुनाव प्रक्रिया 30 जुलाई 2022 को संपन्न हुई थी। उसकी मान्यता अवधि 21 सितंबर 2024 को समाप्त हो चुकी है। ऐसे में नई लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से कर्मचारियों को अपनी प्रतिनिधि यूनियन चुनने का अवसर दिया जाना आवश्यक है।



बीएसपी में हैं दर्जनभर यूनियनें

बीएसपी में वर्तमान में दर्जनभर यूनियनें है। निर्वाचित यानी मान्यता यूनियन का कार्यकाल दो वर्ष का होता है। आईडी एक्ट के तहत अब तक हुए चार चुनावों में दो मर्तबार सीटू, एक बार इंटक और एक दफा भिलाई इस्पात मजदूर संघ बीएमएस चुनाव जीत चुकी है। पिछली बार चुनी गई बीएमएस का कार्यकाल वर्ष 2024 को खत्म होने के बाद भी अब तक उपश्रमायुक्त केंद्रीय व बीएसपी ने चुनाव करवाने में रुचि नहीं दिखाई है। वर्तमान में बीएसपी में मेनपावर निरंतर कम हो रहा है और वर्तमान में मात्र करीब 9 हजार कर्मचारी ही कार्यरत हैं।

नहीं सुलझ रहीं कर्मियों की समस्याएं

उल्लेखनीय है कि कई बार यूनियनों द्वारा मांग के बाद भी चुनाव नहीं कराने से मान्यता प्राप्त यूनियन के अभाव में कर्मचारियों की समस्याओं, वेतन, सामाजिक सुरक्षा, सेवा संबंधी विषयों तथा अन्य श्रमिक हितों से जुड़े मामलों को प्रभावी ढंग से उठाने में कठिनाई होती है। इंटक के संजय साहू ने बताया कि कर्मचारियों के इंसेंटिव के पुनरीक्षण, स्थानीय समस्याओं, कर्मचारी सुविधाओं में बढ़ोतरी सहित विभिन्न मुद्दों पर प्रभावी प्रतिनिधित्व के लिए लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रतिनिधि यूनियन आवश्यक है। मेंबरशिप वेरीफिकेशन की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से कराने से कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच औद्योगिक संबंधों को और सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। कर्मचारियों को अपनी पसंद की प्रतिनिधि यूनियन चुनने का लोकतांत्रिक अवसर मिलेगा तथा संयंत्र में स्वस्थ एवं सकारात्मक औद्योगिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा।

खबर संक्षेप



एचएमएस की बैठक, सांसद से एरियर्स दिलाने की मांग

भिलाई। भिलाई श्रमिक सभा एचएमएस की बैठक यूनियन कार्यालय सेक्टर 2 में हुई। अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने की। बैठक में बोनस फार्मूला को बदलने की मांग की गई। महासचिव डी. के. सिंह ने कहा बोनस समझौता अच्छा है किन्तु अभी और भी अच्छा होने की आवश्यकता है आगे इस पर केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा कर बोनस नियमों में बदलाव करने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है 39 माह का एरियर्स हमारा हक है प्रबन्धन किसी भी अफोर्डेबल्टी क्लॉज का हवाला देकर कर्मचारियों को इससे वंचित नहीं कर सकता आवश्यक होने पर हम सब कर्मचारी अहिंसक आंदोलन करेंगे। सांसद विजय बघेल से मिलकर इस्पात मंत्री से मिल कर समाधान की मांग करेंगे। बैठक में अध्यक्ष एचएस मिश्रा, प्रेम सिंह चंदेल, टीका राम साहू, डीके.सिंह जोगेंद्र राव, रघुवर गोंड , धनीराम सोनवानी, राजकुमार, अशोक पंडा, टीका राम साहु, विजय कुमार पाण्डेय, नवीन कुमार सिंह,ए.चिन्ना,त्रिलोक मिश्रा, जेएस भट्टी आदि उपस्थित थे।

रिटायरकर्मियों ने बीस साल पूर्व लाखों में खरीदे थे

टाउनशिप के अनफिट लीजधारी जाएं तो जाएं कहां, से.6 के जर्जर आवासों में रहने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में बीस साल पूर्व अपनी मेहनत की कमाई से लाखों रुपए में लीज पर बीएसपी के आवास लेने वाले रिटायर संयंत्रकर्मी लीजधारियों की दयनीय स्थिति है। सेक्टर 6 के अनफिट घोषित 70 लीज आवासों का विकल्प अब तक बीएसपी द्वारा नहीं का खामियाजा रहवासी लीजधारियों को भुगतना पड़ रहा है। रहवासी अच्छी लोकेशन में बेहतर मकान मांग रहे हैं। इस मामले में प्रबंधन उदासीन बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि सेक्टर 6 में प्रबंधन द्वारा 70 लीज बीएसपी क्वार्टरों को अनफिट घोषित किया जा चुका है। यूनियनों के मुताबिक इन जर्जर मकानों के बदले प्रबंधन द्वारा लीजधारियों को लायसेंस स्कीम के तहत करीब दो किमी दूर रिसाली सेक्टर में अन्य आवास देने का प्रस्ताव दिया गया। लेकिन लीज आवासधारियों की मांग है कि उन्हें मकान निकटस्थ सेक्टर में और बेहतर मकान दिए जाएं। फिर मकान उन्होंने लीज पर लिए थे न कि लायसेंस पर आवंटिक किए गए थे। सेक्टर 6 के सभी 70 आवास एनक्यू 1 व एनक्यू 2 श्रेणी हैं और रिसाली के मकान भी इसी ग्रेड के हैं। लीजधारियों के अनुसार अब तक उन्हें अन्य आवास नहीं मिलने से बारिश के मौसम में भी अनफिट मकानों में रहने मजबूर होना पड़ रहा है। मकान जर्जर होने से टूट फूट की स्थिति में हैं।

दूर रिसाली सेक्टर में लायसेंसी आवासों में नहीं है रुचि



22 साल पूर्व 45 सौ लीज क्वार्टर आवंटित

वर्ष 2000 से 2004 तक 2005 तक 5 फेस में घाटे के दौरान सेल द्वारा हाउस लीज योजना लागू की गई थी। इस दौरान रिटायर बीएसपी कर्मियों ने लगभग 2 लाख से 5 लाख रुपए देकर विभिन्न सेक्टर में अलग अलग बीएसपी क्वार्टर खरीदे (आवंटन) थे। पूरे टाउनशिप में कुल पैंतालीस सौ क्वार्टर आवंटित किए गए थे। यह सभी क्वार्टर बीएसपी निर्माण के दौरान साठ के दशक में बनाए गए थे। अन्य सेक्टरों में कई लीजधारियों ने अलग से लाखों रुपए खर्च कर दो तीनमंजिला स्वरुप दे दिया है। लेकिन सेक्टर 7 उजड़ रहे सेक्टर 6 में अनफिट 70 लीजधारी बुरी तरह फंस गए हैं। इनकी दयनीय स्थिति है। यूनियनों के मुताबिक अब तो निजीकरण के दौर में मुद्दड़ीकरण नीति के तहत सेल रिटेंशन व लायसेंस स्कीम खत्म कर क्वार्टरों को डिस्मेंटर कर जमीन बिल्डिरों को बेचने की तैयारी कर रहा है।

चौतरफा हो रही परेशानी

टाउनशिप में सेक्टर 6 सबसे पुराना और बड़ा है। साठ के दशक में निर्मित अधिकतर मकानों के जर्जर होने से बीस साल पूर्व प्रबंधन अनफिट घोषित करने के बाद सैकड़ों क्वार्टरों को डिस्मेंटल भी कर चुका है। 18 यूनिटों के ब्लाक में सिर्फ लीज वाले एक दो मकान भर साबुत छोड़ दिए गए हैं। अब लीजधारियों की समस्या यह है कि उन्हें पूरे खंडरहर ब्लाक के बीच सिर्फ अपने आवास में अकेले रहने मजबूर होना पड़ रहा है। रहवासियों ने बताया कि अधिकतर सेक्टर 6 खंडहर में तब्दील हो चुका है। यहां तीन सौ से अधिक अनफिट व कब्जा वाले आवासों को प्रबंधन बतौर सुरक्षा जमींदोज कर चुका है। खिड़की दरवाजे भी निकल चुका है। रहवासियों ने बताया कि खंडहरों में अंधेरा व असमाजिक तत्वों व आवारा मवेशियों का डेरा व गंदगी और मलबों से भरा है।

पदोन्नति नहीं देने से नाराज टीईटी प्रशिक्षित करेंगे आज से चरणबद्ध आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग में लंबित पदोन्नति के विरोध में 5 अक्टूबर से चरणबद्ध अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर रहा है। 5 अक्टूबर को भिलाई से दुर्ग तक विशाल पदोन्नति न्याय पदयात्रा निकाली जाएगी।

6 अक्टूबर को शिक्षा मंत्री के निवास के बाहर सत्याग्रह होगा और 7 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन जैसे आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई है। प्रदेश अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मई 2026 से सभी स्तरों पर पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। 15 मई को लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर द्वारा आदेश जारी कर 30 जून तक पदोन्नति पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। 30 जून को दूसरी समय-सीमा तय करते हुए 15 अगस्त तक प्रक्रिया पूरी करने का नया पत्र जारी हुआ। 10 अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को 30 अगस्त तक पदोन्नति अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए।बार-बार समय-सीमा तय किए जाने और अंतिम मियाद बीत जाने के बावजूद पदोन्नति प्रक्रिया आज दिनांक तक अधूरी है और विभाग पूरी तरह मौन साधे बैठा है। इससे प्रदेश भर के पात्र शिक्षकों में यह स्पष्ट संदेश जा रहा है कि शासन स्तर से ही इसे मौखिक रूप से लंबित करने के निर्देश दिए गए हैं।

डीजीपी अरुण देव गौतम से आत्मीय भेंट, नवरात्र पर्व पर दिया आमंत्रण



भिलाई। छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम से नया रायपुर स्थित उनके निवास पर दया सिंह ने भेंट की। इस दौरान नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर उन्हें माता रानी के आगमन और दर्शन के लिए सादर आमंत्रित किया गया। भेंट के दौरान नवरात्र पर्व को लेकर तैयार किए गए आमंत्रण कार्ड को डीजीपी गौतम को सौंपा गया। इस अवसर पर धार्मिक आयोजन में शामिल होने के लिए उन्हें सम्मानपूर्वक आमंत्रण दिया गया।

बीरा की सेवा और मानवता के कार्यों को किया याद, गुरुद्वारा में टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

समाजसेवी और हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के संस्थापक स्व. सरदार दलबीर सिंह बीरा की 7वीं पुण्यतिथि पर परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके सुपुत्र इंद्रजीत सिंह छोटू और मलकीत सिंह लल्लू सहित परिवार के सदस्यों ने नेहरू नगर स्थित गुरुद्वारा नानकसर पहुंचकर माथा टेका और स्व. बीरा सिंह की स्मृति में अरदास की।

ज्ञानी परवीन सिंह द्वारा अरदास कर स्व. दलबीर सिंह बीरा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इसके अलावा पावर हाउस फल मंडी स्थित उनके नाम से संचालित अस्पताल, बीरा के अंगना कोहका कार्यालय तथा एचटीसी कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर में भी परिजनों, कर्मचारियों और शुभचिंतकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एचटीसी के युवा डायरेक्टर एवं समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू ने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए स्नेह, संस्कार, मार्गदर्शन और जीवन मूल्यों की छाप आज भी उनके जीवन में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि स्व. बीरा सिंह ने अपने कर्मों से सेवा, मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी की जो मिसाल कायम की, वह हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। प्रत्यक्ष रूप से वे आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें, विचार और आदर्श हमेशा परिवार के साथ रहेंगे। मलकीत सिंह लल्लू ने भी स्व. दलबीर सिंह बीरा के साथ बिताए समय और उनके कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि पिता द्वारा दिखाए गए सेवा और मानवता के मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। स्व. दलबीर सिंह बीरा के सामाजिक सरोकारों को याद करते हुए लोगों ने बताया कि वे जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा आगे रहते थे। उनके सहयोग से जुड़ी कई घटनाएं आज भी लोगों के जेहन में हैं। इसी क्रम में एक व्यक्ति ने बताया कि उनके परिवार के एक सदस्य के बर्न केस के इलाज का पूरा खर्च स्व. बीरा सिंह ने अपने जीवनकाल में उठाया था। ऐसी अनेक मदद की यादें आज भी उनके सेवा भाव की गवाही देती हैं। परिजनों और शुभचिंतकों का कहना है कि इंद्रजीत सिंह छोटू भी अपने पिता के बताए रास्ते पर चलते हुए जरूरतमंदों की सेवा और सहायता के लिए लगातार सक्रिय हैं। उनके कार्यालय से कोई जरूरतमंद खाली हाथ न लौटे, यही स्व. बीरा सिंह के सेवा भाव को आगे बढ़ाने का प्रयास है।



■ नेहरू नगर गुरुद्वारा में अरदास, परिजनों और शुभचिंतकों ने किया नमन

त्योहार में स्थानीय बाजारों से खरीदारी का देंगे संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

त्योहारों के अवसर पर स्थानीय बाजारों में खरीदारी को बढ़ावा देने और व्यापारियों तथा उपभोक्ताओं के बीच मजबूत संबंध बनाने के उद्देश्य से भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आया त्योहार-चलो बाजार अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान की शुरुआत 12 अक्टूबर से होगी।

चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि अभियान के माध्यम से लोगों से ऑनलाइन शॉपिंग के बजाय स्थानीय बाजारों और दुकानदारों से खरीदारी करने की अपील की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय बाजार से खरीदारी करने पर शहर के व्यापार को मजबूती मिलती है और त्योहारों का लाभ स्थानीय व्यापारिक समुदाय तक पहुंचता है। चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्र ने बताया कि अभियान के तहत चेम्बर की टीम स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को स्थानीय बाजार से खरीदारी के लिए प्रेरित करेगी। इस दौरान ब्रोशर का वितरण भी किया जाएगा। विद्यार्थियों के माध्यम से लोकल बाजार, हमारी जिम्मेदारी का संदेश उनके परिवारों तक पहुंचाने का प्रयास होगा। कार्यक्रम संयोजक कन्हैया सोनी ने बताया कि विभिन्न आवासीय सोसायटियों में जाकर परिवारों को त्योहार के दौरान स्थानीय बाजार आने और स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में भी युवाओं को अभियान से जोड़ा जाएगा। चेयरमैन दिनकर बसोतिया ने बताया कि त्योहारों के दौरान बाजारों में ग्राहकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सिक्के एवं करेंसी वितरण जैसे विशेष आयोजन किए जाएंगे। इसके अलावा नागरिकों और व्यापारियों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करने के लिए लड्डू वितरण भी किया जाएगा। चेम्बर ने स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य केवल स्थानीय बाजारों का प्रचार करना नहीं, बल्कि बाजारों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में सहयोग करना भी है। विभिन्न बाजारों में व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं और व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। त्योहार के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए पार्किंग व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।



■ स्कूल, सोसायटी और कोचिंग संस्थानों तक पहुंचेगा, आया त्योहार-चलो बाजार अभियान

आचार्य विद्यासागर को मिले भारत रत्न वे केंद्र सरकार से करेंगे मांग : विजय



भिलाई। सेक्टर-6 में जैन ट्रस्ट, जैन मिलन एवं जैन महिला क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मैत्री मिलन दिवस एवं क्षमावाणी पर्व का भव्य आयोजन श्रद्धा, उल्लास एवं सामाजिक एकता के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। विजय बघेल ने कहा कि क्षमावाणी पर्व हमें आपसी मतभेद एवं मनमुटाव भूलकर क्षमा, प्रेम और मैत्री का भाव अपनाने की प्रेरणा देता है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आत्मचिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वास्तव में आत्मनिंदा ही सर्वोत्तम निंदा है। उन्होंने आचार्य विद्यासागर महाराज को भारत रत्न प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आचार्य जैसे महान संत के व्यक्तित्व, तप, त्याग एवं समाज और राष्ट्र के लिए उनके योगदान के सामने भारत रत्न जैसा सम्मान भी छोटा है, लेकिन एक राष्ट्रीय सम्मान के रूप में उन्हें भारत रत्न प्रदान करना उनके प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता की अभिव्यक्ति होगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के प्रति विशेष श्रद्धा रखते थे। आचार्य श्री के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ दो बार पधारे थे। उन्होंने कहा कि मुनि तरुण सागर, विशुद्ध सागर एवं आचार्य विद्यासागर महाराज के चरणों से यह नगरी पावन हुई है। कार्यक्रम में दशलक्षण पर्व के दौरान 30 दिन, 20 दिन एवं 10 दिन तक उपवास करने वाले श्रावक-श्राविकाओं का सम्मान किया गया। साथ ही कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदीप बाकलीवाल, जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष दानमल पोरवाल, जैन मिलन के अध्यक्ष संजय चतुर, कोषाध्यक्ष मुकेश जैन, प्रबंधक ट्रस्टी प्रकाश गोलछा, निर्मल कोचर, अशोक पहाड़िया, ज्ञानचंद जैन, महावीर बेगानी, राजेश मारुति, राजेश जैन, अरविंद जैन, कजोड़ मल जैन, दिनेश जैन, ज्ञानचंद जैन सहित अन्य मौजूद थे।

■ सेक्टर-6 में विश्व मैत्री मिलन एवं क्षमावाणी पर्व पर भव्य आयोजन

खुर्सीपार पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

मासूम बच्ची के साथ छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पांच साल की बच्ची के साथ छेड़खानी करने के मामले में पुलिस ने दुध कारोबारी को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद तेज दर्द और ब्लीडिंग होने से बच्ची की तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जांच के बाद निजी अंग से छेड़छाड़ की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस को मासूम ने बताया कि अंकल ने जबरदस्ती पकड़कर बैड टच किया। पुलिस ने खुर्सीपार निवासी दुध कारोबारी दिलावर यादव को गिरफ्तार किया है। 2021 से बच्ची अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहते है। आरोप है कि दिलावर लंबे समय से बच्ची पर बुरी नजर रखता था। परिजनों के मुताबिक दिलावर पहले भी बच्ची के साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया था। 2 अक्टूबर को दोबारा बच्ची के प्राइवेट पार्ट को टच कर दरिंदगी की। घटना के बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को शक हुआ। अस्पताल में जांच में यौन अपराध की पुष्टि होने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। वहीं आरोपी की पत्नी ने आरोप लगाया है कि बच्ची के पिता ने भी छेड़खानी की है। इसकी लिखित शिकायत पुलिस से की है।



पिता को बच्ची ने बताई आपबीती, इसके बाद मामले का हुआ खुलासा

2 अक्टूबर की रात करीब 10:30 बजे के बीच फोटोकॉपी की दुकान से काम करवाकर घर लौटा था। घर आते ही बेटी ने बताया कि, उसे पैर के पास दर्द हो रहा है। जब मैंने उससे पूछा और चेक किया तो उसने इशारे से बताया कि यूरिन वाली जगह पर दर्द हो रहा है। शुरुआत में लगा कि शायद उसे पथरी की कोई समस्या होगी। उसी वजह से दर्द हो रहा होगा। इसके बाद जब हमने बच्ची का अंडरवियर नीचे करके देखा तो उसमें खून लगा था। कॉटन से साफ करने के बाद भी काफी ब्लीडिंग हो रही थी। तब संदेह हुआ कि मामला सामान्य नहीं है। मैंने पहले से ही अपनी बच्ची को गुड टच और बैड टच के बारे में समझाकर रखा था। तब मैंने बच्ची से पूछा तो उसने बताया कि एक अंकल ने उसे बुलाया था। वह उनके साथ खेल रही थी। इस दौरान उन्होंने उसका हाथ पकड़ा और नीचे की तरफ हाथ लगाया। बच्ची के मुताबिक जब उसने वहां से भागने की कोशिश की तो आरोपी ने उसका हाथ पकड़ लिया। उसे गोद में बैठा लिया। इसके बाद वह रोने लगी। वहां कुछ महिलाएं बैठी थीं। उन्होंने बच्ची से पूछा कि वह क्यों रो रही है। इसके बाद आरोपी ने उसे जाने दिया। जिस व्यक्ति पर मेरी बच्ची के साथ गलत हरकत करने का आरोप है, उसका नाम दिलावर यादव है। 2-3 साल पहले होली के समय भी एक घटना हुई थी। जिसे मैंने उस समय ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया। उस दौरान उसके कुछ दोस्त मेरे कमरे में आ गए थे और मेरी पत्नी को रंग लगाया था। इस बात को लेकर विवाद भी हुआ था। आरोपी के शराब पीने और कुछ हरकतों को लेकर मुझे पहले से आपत्ति थी, लेकिन मैंने उन बातों को नजरअंदाज कर दिया था। इस बार मामला मेरी बच्ची का है, इसलिए मैं चुप नहीं रहूंगा। मेरी बेटी केजी-2 में पढ़ती है।

पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया

“ नाबालिग के साथ छेड़खानी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

शोभराज अग्रवाल, एएसपी

एसएमएस-3 में मॉक ड्रिल

भिलाई। कारखाना अधिनियम के प्रावधानों के तहतआपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में त्रैमासिक मॉक ड्रिल का आयोजन क्रेन सबस्टेशन-1, क्यूबिकल नंबर 6 एफ 1, एच I के प्रवेश क्षेत्र में किया गया। एयर सर्किट ब्रेकर की रैकिंग-इन प्रक्रिया के दौरान एसीबी के मूविंग कॉन्टैक्ट जॉज ढीले होकर अपने स्थान से विस्थापित होने से चार्ज्ड इनकमिंग बसबार फेजों के बीच शॉर्ट सर्किट हुआ। फ्लैशओवर की स्थिति उत्पन्न होने की परिकल्पना की गई। एक तकनीशियन एवं एक हेल्पर सहित कुल दो कर्मचारी विद्युत झटके एवं फ्लैशओवर के कारण घायल होकर बेहोश हो गए। उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने की कार्रवाई की गई।



हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02



महाराज अग्रसेन की महाआरती...

लाइव इवेंट

एलुमिनाई मेंबर्स ने बीआईटी कॉलेज के लैब के लिए किया 1 लाख का सहयोग



दुर्ग। बीआईटी कॉलेज में 1996 बैच का रि-यूनियन आयोजित हुआ। इस अवसर पर कॉलेज द्वारा एलुमिनाई सदस्यों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साथी राकेश खैचरिया, रमेश कुमार पटेल, संदीप सिंह भाटिया, राजेंद्र अग्रवाल, नीरज खारिया और गुंजन शुक्ला प्रमुख रूप से शामिल हुए। शंकराचार्य कॉलेज के प्रमुख आईपी मिश्रा भी इस इवेंट में शामिल हुए। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए पूर्व छात्रों का उत्साह बढ़ाया। प्रिंसिपल अनूप मिश्रा और वाइस प्रिंसीपल एसके जायसवाल ने सभी का स्वागत किय। इस अवसर पर एलुमनाई की ओर से कॉलेज की लैब के लिए 1 लाख की राशि प्रदान की गई। यह योगदान कॉलेज और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति एलुमनाई के जुड़ाव और सहयोग की सराहनीय मिसाल है। 1996 बैच के सभी साथियों और इस आयोजन को सफल बनाने वाले आयोजकों को एवं एलुमनाई इंचार्ज दिनेश भावनानी और नागेन्द्र त्रिपाठी ने शुभकामनाएं दी।



लाइव इवेंट

आकार ले रहीं माता की प्रतिमा जनता मार्केट में होगी विराजित



दुर्ग। 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रि के लिए शहर में तैयारिया चल रही है। मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में कारीगर जुटे हुए हैं। मूर्तियों में की जा रही बारीक नक्काशी और जीवंत रंगाई मूर्तियों को आकर्षक बना रही है। थनौद के मूर्तिकार रामा चक्रवर्ती ने बताया कि छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्यप्रदेश व अन्य राज्यों में भी थनौद की दुर्गा प्रतिमा की खास मांग है। 40 से ज्यादा पंडालों में लगभग 1500 के करीब मूर्तिया बनाई जा रही हैं। पूर्व पार्षद राजेश शर्मा ने बताया कि पद्मनाभपुर के जनता मार्केट में समिति का यह 32 वां वर्ष है। हर वर्ष की तरह इस बार जगन्नाथ मंदिर पुरी की थीम पर आकर्षक पंडाल में माता विराजमान होंगी। तैयारी अंतिम चरण में चल रही है।

नेशनल टेकवोण्डो के लिए टीम रवाना



भिलाई। इंदोर में आयोजित 43वीं नेशनल जूनियर क्योरुगी टेकवोण्डो चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम 1 अक्टूबर को हमसफर ट्रेन से रवाना हुई। टीम में कुश्मिता साहू 9 साल, सांची चौहान 10 साल, जतिन नायक 15 साल, टी प्रणय कुमार 17 साल, पुष्पेन्द्र कुमार 16 साल, प्रशिक्षक अनिल कुमार शामिल हैं।

● हरिभूमि, आईएनएच एवं सर्व शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में 11 से 19 अक्टूबर तक आयोजन, पोस्टर का हुआ विमोचन

हर बार की तरह इस बार भी डांडिया के रंग हरिभूमि के संग सिविक सेंटर के वेल्डेक्स ग्राउंड में सजेगा नौ दिवसीय महोत्सव

हर बार की तरह इस बार भी शारदीय नवरात्र खास होने जा रही है। मां की भक्ति, हिंदी, गुजराती गीतों और डांडिया की खनक के साथ गरबा की रंगीन शाम सजने वाली है। हरिभूमि और आईएनएच द्वारा इस बार सर्व शक्ति सेवा समिति के साथ मिलकर नौ दिवसीय डांडिया महोत्सव की तैयारी की गई है। शहर में इसे लेकर खासा उत्साह का माहौल है। नवरात्रि के दौरान आयोजित होने वाले इस महोत्सव में शहरवासी परिवार और दोस्तों के साथ डांडिया एवं गरबा की उमंग में शामिल हो सकेंगे।



भिलाई। महोत्सव का आयोजन 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन सिविक सेंटर स्थित वेल्डेक्स ग्राउंड में किया जाएगा। आयोजन को लेकर पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रेम प्रकाश पांडे, विजय बघेल, मनीष पारख एवं संजय ओझा ने संयुक्त रूप से महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। आयोजकों ने बताया कि हरिभूमि की ओर से डांडिया महोत्सव का आयोजन लगातार 15 वर्षों से किया जा रहा है। इस आयोजन ने शहर में अपनी अलग पहचान बनाई है और हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग इसमें उत्साहपूर्वक शामिल होते हैं। इस बार भी नौ दिनों तक डांडिया और गरबा की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ महोत्सव को खास बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन में शामिल होने वाले लोगों के लिए हर दिन आकर्षक उपहार भी रखे गए हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक वेल्डेक्स ग्राउंड में संगीत, डांडिया और उत्सव का माहौल देखने को मिलेगा। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार और मित्रों के साथ इस नौ दिवसीय डांडिया महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों और हरिभूमि, आईएनएच एवं सर्व शक्ति सेवा समिति के इस आयोजन को सफल बनाएं। इस बार ट्विनसिटी में डांडिया को लेकर खास आकर्षण देखने को मिल रहा है।

लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गरबा उत्सव को लेकर इस बार विशेष तैयारियां की जा रही है। पारंपरिक गुजराती गीतों के साथ मां की भक्ति से जुड़े गीतों पर गरबा और डांडिया होगा। बच्चे, युवा और बुजुर्ग परिवार के साथ उत्सव का हिस्सा बन सकेंगे। आयोजन का उद्देश्य शहरवासियों को संस्कृति, संगीत और मनोरंजन से भरी यादगार शाम देना है। गरबा महोत्सव को लेकर तैयार पोस्टर के विमोचन में सांसद विजय बघेल, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष विधायक प्रेमप्रकाश पाण्डेय, लाइफ केयर के डायरेक्टर मनीष पारख, शकुंतला ग्रुप के संजय ओझा सहित अन्य शामिल हुए।

गरबा और डांडिया के स्टैप्स भी सिखाए जाएंगे

आयोजन के दौरान लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें गरबा और डांडिया के स्टैप्स सिखाए जाएंगे। हर बार की तरह इस बार भी आयोजन में हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। प्रतिदिन 500 से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। गरबा-डांडिया की विभिन्न शैलियों और नृत्य की बारीकियां सिखाई जाएंगी। समिति का उद्देश्य महोत्सव में शामिल होने वाली महिलाओं, पुरुषों और युवतियों को पहले से तैयार करना है, ताकि वे आयोजन के दौरान बेहतर प्रस्तुतियां दे सकें। आयोजकों ने बताया कि गरबा-डांडिया प्रशिक्षण में युवतियों को तालियों, पैरों की गति और डांडिया की छड़ियों के तालमेल से जुड़े स्टेप बताए जाएंगे, जिनमें बे ताली और तीन ताली प्रमुख हैं। इसके अलावा हिंच स्टेप में शरीर को आगे-पीछे और साइड में झुकाकर हाथों की मुद्राओं के साथ नृत्य करना बताया जाएगा।



यूनिसेफ तरुण वार्ता में शिक्षा मंत्री ने नेहा उपाध्याय को किया सम्मानित

भिलाई। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, राज्य मुख्य आयुक्त इन्दरजीत सिंह खालसा ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में नेहा उपाध्याय शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केम्प 1 भिलाई को यूनिसेफ तरुण वार्ता के अन्तर्गत प्रशस्ती पत्र से सम्मानित किया।आयोजन स्व. बलबीर सिंह जुनेजा इण्डोर स्टेडियम रायपुर में किया गया। यह आयोजन 11000 हजार स्काउट गाइड रोवर रेंजर स्काउटर गाइडर प्रभारी शिक्षक शिक्षिका के मध्य सम्मानीत हुए गाइड बच्चों के साथ मिलकर मासिक धर्म पर कोई भेदभाव मिटाओ प्रकृति का नियम है। जनप्रतिनिधि को समझाना, दीवारों पर लेख लिखना, भीषण गर्मी में राहागिरों को प्याऊ घर का निर्माण कर पानी पिलाक कार्य करने पर सम्मान कर पर यह सम्मान प्रदान किया गया। अपनी सक्रिय भूमिका निभाने पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर एवं जिला संगठन आयुक्त बालक दास राऊत तथा जिला संघ के पदाधिकारी एवं अधिकारीयो ने नेहा उपाध्याय को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



मूक बधिर शाला में लीनेस क्लब के मेंबर्स ने किया फल का वितरण



भिलाई। लीनेस क्लब द्वारा प्रयास मूक बधिर शाला में मूक बधिर दिवस का आयोजन किया गया। हर साल क्लब के द्वारा इस दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। प्रयास मूक बधिर शाला क्लब का परमानेंट प्रोजेक्ट है। सभी बच्चों को पोष्टिक भोजन प्रदान किया गया। तथा साथ में केले का भी वितरण किया गया। सभी बच्चे बड़े उत्साह से आते हैं तथा खुशी खुशी ग्रहण करते हैं। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष कल्पना श्रीवास्तव, सचिव मनीषा सिन्हा, प्रिया रस्तोगी, लता गायकवाड़, पुष्पा सिंह, माला पोपली, अरुणा लिगला, सुषमा गुप्ता, स्नेहा शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में दुर्गोत्सव की तैयारी शुरू, बंगाली समाज ने दिया एकजुटता का संदेश

कार्नर न्यूज

भिलाई। हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में 55वें शारदीय दुर्गोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। पूजा को भव्य और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए मंदिर समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। पूजा की तैयारियों में बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग भी बढ़-चढ़कर सहभागिता कर रहे हैं। इस वर्ष पूजा के दौरान धार्मिक आयोजनों के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

मंदिर समिति के मार्गदर्शक काजल चक्रवर्ती और विद्युत चौधरी ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में दुर्गा पूजा का यह 55वां वर्ष है। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में क्षेत्र के लोगों की बड़ी भागीदारी रहती है। पूजा को लेकर समिति की बैठक में तैयारियों की समीक्षा कर विभिन्न सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी गई हैं। समिति के सदस्यों का कहना है कि 55वें वर्ष के दुर्गोत्सव को धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक और सांस्कृतिक सहभागिता का पर्व बनाने की तैयारी है। पूजा के दिनों में क्षेत्र के श्रद्धालुओं के साथ बड़ी संख्या में लोगों के कालीबाड़ी पहुंचने की उम्मीद है।

55 साल से आस्था और संस्कृति का संगम, षष्ठी से दशमी तक पूजा-अर्चना, कोलकाता के कलाकार देंगे लोकगीत, बाउल व आधुनिक गीतों की प्रस्तुतियां, अंत में सिंदूर खेला



तैयारियों के लिए समिति ने बांटी जिम्मेदारियां

पूजा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में मार्गदर्शक काजल चक्रवर्ती और विद्युत चौधरी के निर्देशन में विभिन्न सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समिति में अध्यक्ष डॉ. दीप चटर्जी, महासचिव देबब्रत दास और कोषाध्यक्ष दीपक सिकदार को प्रमुख जिम्मेदारी दी गई है। भोग-प्रसाद की व्यवस्था की जिम्मेदारी उत्तम कर्मकार को, जबकि पंडाल एवं सजावट की जिम्मेदारी गोपाल पोद्दार और अभिषेक दत्ता को सौंपी गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था में देबब्रत घोष, चंदन भट्टाचार्य, चंचल, प्रदीप बल, जयंत दत्ता सहित अन्य सदस्य जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अलावा बाबलु माझी, आशीष नंदी, गोपाल दास, रंजित दास, रतन दास, रामचन्द्र घोष, रतन दत्त, आकाश मांझी, संदीप पाल, आलोक घोष, अमोल विश्वास, नरसिम्हा राव, उत्तम भट्टाचार्य, सुभाष दास और पूर्व महासचिव अनुप घोष सहित महिला समिति के सदस्यों को भी अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं।

षष्ठी से दशमी तक होंगे धार्मिक आयोजन

समिति के अनुसार 16 अक्टूबर को षष्ठी, 17 अक्टूबर को महा सप्तमी, 18 अक्टूबर को अधिक सप्तमी, 19 अक्टूबर को महा अष्टमी, 20 अक्टूबर को महा नवमी तथा 21 अक्टूबर को दशमी पूजा और सिंदूर खेला का आयोजन किया जाएगा। 18, 19 और 20 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक भोग एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए समिति द्वारा व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

कार्यक्रमों में दिखेगा बंगाल की संस्कृति का रंग

दुर्गोत्सव के दौरान धार्मिक आयोजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी विशेष आकर्षण रहेंगे। 16 अक्टूबर को सरगर म्युजिकल मिलाई की प्रस्तुति होगी। वहीं 17 अक्टूबर को नृत्य एवं संगीत पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 18 अक्टूबर को बाउल एवं फोक संगीत की विशेष प्रस्तुति होगी। इसमें लोक गायिका परमा राधिका बनर्जी और बाउल गायक शंकर बाउल अपनी प्रस्तुति देंगे। 19 अक्टूबर को जी सारेगामापा और सुपर सिंगर कोलकाता से जुड़े कलाकार पौलामी साहा, प्रत्युस सेन और शुभम डे प्रस्तुति देंगे। वहीं 20 अक्टूबर को जी सारेगामापा के विनय तथा इंडियन आइडल के अरफीम राणा, ओलिवा चक्रवर्ती और अनुरूप द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

सिटी इवेंट

कैप्टन स्मित ने साहस का परिचय देकर बचाई थी 180 लोगों की जान



भिलाई। नेहरू नगर पूर्व स्थित शास्त्री पार्क में मुस्कुराते रहो योग ग्रुप द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई निगम के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा थे। विशिष्ट अतिथि उद्योगपति अजीत सिंह एवं योग प्रशिक्षक शैलेन्द्र श्रीवास्तव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेन्द्र श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर मुस्कुराते रहो योग ग्रुप के सदस्यों ने कैप्टन स्मित मच्छयाल के साहस एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। सदस्यों ने कहा कि सहयोगी पायलट द्वारा किए गए जानलेवा हमले के बावजूद कैप्टन स्मित मच्छयाल ने अदम्य साहस, सूझबूझ और कठिन संघर्ष का परिचय देते हुए लगभग 180 यात्रियों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके साहसिक प्रयास की सदस्यों ने सराहना की तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नरेन्द्र श्रीवास्तव ने शास्त्री पार्क के उन्नयन के साथ-साथ लाल बहादुर शास्त्री की जीवनी को विद्यालयों के पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि शास्त्री का सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी, दृढ़ संकल्प, स्वावलंबन, स्वाभिमान एवं राष्ट्रसेवा की भावना आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। नरेन्द्र श्रीवास्तव ने शास्त्री पार्क की देखरेख में लापरवाही का उल्लेख करते हुए रोटरी क्लब द्वारा लगाए गए देखरेख संबंधी बोर्ड को हटाने की भी मांग की। शैलेन्द्र खण्डेलवाल ने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं व्यक्तित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र मिश्रा ने शास्त्री जी के दृढ़ निश्चय, स्वावलंबन एवं स्वाभिमान की चर्चा करते हुए राष्ट्रहित में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों को याद किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीकांत श्रीवास्तव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शैलेन्द्र खण्डेलवाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलेन्द्र श्रीवास्तव, विनय चन्द्राकर एवं भारत भूषण का सहयोग प्रशंसनीय रहा। इस अवसर पर विनय चन्द्राकर, पवन शर्मा, एमवीएस कुमार, रोहिणी श्रीवास्तव, जीवीके राव, रीना सिंह, टीटू अग्रवाल, घनश्याम गोयल, कमलेश्वर वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

■ मुस्कुराते रहो योग ग्रुप का आयोजन

सिटी लाइव

कबड्डी टीम के लिए ट्रायल, मुंगेली में होने वाली स्पर्धा में लेंगे भाग



दुर्ग। जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय जूनियर बालक का ट्रॉयल स्पर्धा साइंस कॉलेज में आयोजित की गई। ट्रॉयल में दुर्ग जिले के धमधा, पाटन, दुर्ग ब्लॉक और दुर्ग नगर से लगभग 90 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। चयनित खिलाड़ी 26 वीं छग राज्य जूनियर बालक कबड्डी चैंपियनशिप 2026-27 में टीम जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। आयोजन 16 से 18 अक्टूबर तक करही मुंगेली में होगा। ट्रॉयल के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रोहित मिरी स्पोर्ट्स इंचार्ज सीएसवीटीयू, लक्ष्मेन्द्र कुमार कुलदीप क्रीड़ा अधिकारी साइंस कॉलेज, राजेन्द्र कुमार देशमुख महासचिव छग पैरा कबडडी एसोसिएशन और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे। अध्यक्षता टीकेश्वरी देशमुख कार्यकारी अध्यक्ष दुर्ग जिला कबड्डी संघ ने की। इस अवसर पर भरत लाल ताम्रकार प्रशिक्षक लघु केंद्र गरी, संतोष चंद्राकर, मुकेश वर्मा, रामदास यादव, दीपक यादव, दीपक विश्वकर्मा, नवीन देशमुख, मोहित साहू, जेबा खान, होल्कर पारकर, नेमन दिल्लीवार, हेमंत बघेल, सुरेन्द्र देशमुख, रोहित, प्रकाश, कमलेश्वर धीवर, नम्रता पटेल, अविनाश कुमार थे। ट्रॉयल के पश्चात चयन समिति द्वारा लीलाधर यादव सहगाव, तनमय भरदा, खुमान लघु केंद्र मर्रा, अनिश कुमार अंजोरा,मोहित लघु केंद्र मर्रा, अभिषेक डूमरडीह, आकाश उतई, यश भरदा, दशरथ मोहरंगा, ढालेंद्र तिरगा, गौरव उतई, विक्रांत पुरदा, टिकेश्वर लघु केंद्र मर्रा, यश ठाकुर आलबरस का चयन हुआ, जो राज्य स्तरीय चैंपियनशिप करही मुंगेली में दुर्ग जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। यह जानकारी संघ के सचिव पीलू पारकर ने दी।

अखिल भारतीय उड़िया समाज में नियुक्तियां, मिली जिम्मेदारी



भिलाई। अखिल भारतीय उड़िया समाज की बैठक रविवार की शाम संपन्न हुई। इस दौरान दुर्ग जिला अध्यक्ष अजय लुहा, जिला अध्यक्ष महिला विंग जयंती महानंद, भिलाई शहर अध्यक्ष पूरन नायक, वैशाली नगर अध्यक्ष विदुर तांडी, वैशाली नगर महिला विंग अध्यक्ष सुभद्रा सेठिया, अहिवारा विधान सभा अध्यक्ष अर्जुन महानंद, अहिवारा महिला विंग अध्यक्ष कविता तांडी,शहर उपाध्यक्ष रामभजन, दुर्ग ग्रामीण विधान सभा अध्यक्ष प्रितम और महामंत्री मोंटू हरपाल, मनोज दुर्गा, मीडिया प्रभारी धरम हरपाल, मंत्री भिलाई उमेश बाघ, मंत्री सुमित को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान नियुक्त हुए पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी , महासचिव तरुण निहाल, कोषाध्यक्ष दीनबंधु तांडी, संरक्षक कृष्णा सोना, कृष्णा तांडी, रमेश सागर, संदीपा तांडी, रीता नायक, अनिता बघेल, सुमित्रा तांडी, सगीता चौहान, अन्नू विभार, जगगनाथ जाल आदि मौजूद थे।

● अग्रसेन चौक में देर शाम आतिशबाजी के बीच आयोजन, विधायक ललित चंद्राकर हुए शामिल

महाराज अग्रसेन की महाआरती के साथ जयंती समारोह का आगाज, आज से सजेगा उत्सव का रंग







दुर्ग। अग्रवाल समाज दुर्ग द्वारा समाज में समानता, भाईचारा और एकता का संदेश देने वाले महाराजा अग्रसेन की जयंती पर 11 अक्टूबर तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को अग्रसेन चौक में आतिशबाजी के बीच गंगा आरती की तर्ज पर महाराज अग्रसेन की आरती के साथ आयोजनों की शुरुआत हुई। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, सभापति श्याम शर्मा आयोजन में प्रमुख रूप से शामिल हुए। आठ दिवसीय जयंती समारोह में महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा, गौ सेवा-गोविंद सेवा, अग्र कर्निवल और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान प्रमुख आकर्षण होंगे। इसके साथ ही महिलाओं, युवाओं और बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं प्रतिभा आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। अग्रवाल समाज दुर्ग के अध्यक्ष ललित सेक्सरिया और महासचिव प्रहलाद रुंगटा ने बताया कि जयंती समारोह में 9 अक्टूबर को अग्र कर्निवल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुर्ग महापौर अलका बाघमार मुख्य अतिथि होंगी। 10 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग शोभराज अग्रवाल अग्र ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे। शोभायात्रा अग्रसेन भवन, अग्रसेन चौक से प्रारंभ होकर तरुण टॉकीज चौक, हरनाबांधा, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट चौक, पुराना बस स्टैंड होते हुए गंजपारा पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा। समारोह का मुख्य कार्यक्रम 11 अक्टूबर को शाम 5 बजे महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट, धमधा रोड टोल प्लाजा के पास आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि होंगे तथा स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव अध्यक्षता करेंगे। जयंती समारोह के अन्य कार्यक्रम अग्रसेन भवन, अग्रसेन चौक में आयोजित किए जाएंगे। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में समाज के संरक्षक विजय अग्रवाल, कैलाश रुंगटा, सुधीर अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल, अध्यक्ष ललित सेक्सरिया, संजय गर्ग, मनोज अग्रवाल, पंकज कीर्तुका सहित अन्य शामिल हुए।

अग्रसेन जयंती पर रात में निकलेगी शोभायात्रा



भिलाई। अग्रवाल समाज भिलाई द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन 8 से 11 अक्टूबर तक किया जा रहा है। चार दिवसीय इस महोत्सव में खेलकूद, मनोरंजन, महिला एवं पारिवारिक प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा प्रमुख आकर्षण होंगे। सभी कार्यक्रम अग्रसेन भवन, सेक्टर-6, भिलाई में आयोजित किए गए है। महोत्सव के प्रथम दो दिन 8 एवं 9 अक्टूबर को विभिन्न खेल एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इनमें क्रिकेट, कैरम, बैडमिंटन सहित अन्य प्रतियोगिताएं शामिल हैं। महिलाओं के लिए साड़ी ड्रेपिंग, मटकी फोड़, थप्पा-मांडो तथा तत्कालिक खेल जैसी रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। महोत्सव के संबंध में अग्रवाल समाज भिलाई के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल ने बताया कि इन आयोजनों का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर आपसी मेल-जोल, भाईचारे और पारिवारिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। समाज के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण 10 अक्टूबर को शाम 5 बजे से निकलने वाली महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा होगी। इस वर्ष अग्रवाल समाज भिलाई द्वारा पहली बार रात्रिकालीन शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्रा को आकर्षक एवं यादगार बनाने के लिए रंग-बिरंगी रोशनी, भव्य सजावट और आतिशबाजी की विशेष व्यवस्था की जा रही है। शोभायात्रा के दौरान बनारस की तर्ज पर भव्य आरती का आयोजन भी किया गया है, जो महोत्सव का विशेष आकर्षण रहेगा। शोभायात्रा की तैयारियों की जिम्मेदारी अग्रवाल यूथ क्लब द्वारा संभाली गई है।

11 अक्टूबर को होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

महोत्सव के अंतिम दिन 11 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से समाज की सांस्कृतिक एवं पारंपरिक विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने तथा महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। अग्रसेन जयंती केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि समाज की एकता, भाईचारे और सेवा भावना को मजबूत करने का पर्व है। इस बार महोत्सव में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से परिवार सहित सभी कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही महोत्सव को भव्य और यादगार बनाया जा सकता है। अग्रवाल महिला समिति भिलाई की अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष पहली बार महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा रात्रि में निकाली जा रही है।

ब्रह्म प्रकाश भवन में आयोजन

सरयूपारीय ब्राह्मण समाज के आयोजन में प्रतिभावान बच्चों का हुआ सम्मान





भिलाई। सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा ब्रह्म प्रकाश भवन में समाज के प्रतिभावान 80 बच्चों का सम्मान मोमेंटो, प्रमाण पत्र देकर किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि आईआईटी के डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय शामिल हुए। उनके द्वारा होनहार, प्रतिभा वान बच्चे सम्मानित किये गए, कार्यक्रम की शुरुआत भगवान ब्रह्म देव एवं परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प, दीप प्रज्वलित एवं पूजा अर्चना करके किया गया, पंडित हरे कृष्णा पाण्डेय द्वारा स्वस्ति वाचन मन्त्र का पाठ किया गया। कार्यक्रम में प्रभुनाथ मिश्रा, रामलखन मिश्रा, नागेंद्र पाण्डेय, विष्णु पाठक सहित अन्य मौजूद थे। प्रभु नाथ मिश्रा ने कहा की बड़े हर्ष का विषय है कि हमारे बीच आज दोनों ही अतिथि विद्वान पुरुष हैं, जिनके हाथों से सम्मान प्रदान किया जा रहा। प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि भिलाई लौह नगरी के साथ शिक्षाधानी का बड़ा हब बनने जा रहा है। अच्छे, प्रतिभावान बच्चे आज भिलाई के साथ साथ भारत देश का नाम पूरे विश्व के कोने-कोने में जाकर रोशन कर रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया जैसे कई देशों में बड़े-बड़े सांस्थानों में प्रमुख पदों में कार्य कर रहे हैं। ये हमारे लिए गौरव का विषय है। हर कालखंड में ज्ञान की शक्ति रही है। अपनी ज्ञान, शिक्षा को आप लोग मजबूत करें। देश को उच्चतम शिखर पर ले जाएं, मुझे अच्छा तब लगा जब मैंने विदेश यात्रा के दौरान ये हमारे बच्चे मुझे मिले और इनको मिला और इनकी अच्छी कार्यों गतिविधि को देखकर मन काफी प्रसन्न हुआ। मेरा आज इन बच्चों को आशीर्वाद है कि वे खूब तरक्की करें। राजीव प्रकाश ने कहा कि मान्यवर प्रेम प्रकाश ने आईआईटी लाने का प्रयास कार्य भिलाई में किया, जिससे कई बच्चों का भविष्य बन रहा है। मैं उनके साथ यहां उपस्थित हुआ हूं। आज हम लोग अपने आईआईटी के द्वारा ऐसे कई कार्य कर रहे हैं, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से हो रहे है। सम्मान प्राप्त करने वालों में अमन मिश्रा, जया तिवारी, अभिनव मिश्रा, अदिति, हर्ष, अवनि, रिद्धि, अगम, अमोल, अनमोल, अक्षत, सृष्टि, राशि, शुभम, श्रेया, सौम्या, भूमिका, स्तुति, कशश्वी, वैष्णवी, वैदेही, अनंत, ख्याति, सजल, संजना, मानसी, मिली, शुबी, रियल, उपासना सहित अन्य शामिल हैं।

जागरूकता अभियान

महिलाओं ने खेल स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा, मिला सम्मान



दुर्ग। पाटणकर कॉलोनी की बांसपारा आंगनबाड़ी क्रमांक-4 वार्ड 28 में महिलाओं से जुड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राही महिलाओं सहित वार्ड की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पार्षद ममता ओमप्रकाश सेन थीं। इस अवसर पर शालिनी दिल्लीवार, तूनेश्वरी मार्कंडे, शारदा कश्यप, एएनएम चंद्रकुंवर देशमुख, मितानिन डोमा ठाकुर, रेवती मांडवी, हेमलता देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उनकी माताओं को पौष्टिक आहार एवं बच्चों के समुचित पोषण के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली का संदेश देते हुए महिलाओं द्वारा मुनगा पौधों का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती ममता ओमप्रकाश सेन ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों का सम्मान किया। साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं के लिए विशेष आयोजन, स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

एक्टिविटी कॉर्नर से स्टूडेंट्स ने डेवलप किया स्किल नुक्कड़ नाटक, योग, जिम्नास्टिक में दिखाई प्रतिभा

कार्नर न्यूज

दुर्ग। गर्ल्स कॉलेज में स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स की छिपी प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें व्यावहारिक जीवन के लिए आवश्यक कौशल सिखाना था। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। बच्चों को योगाभ्यास भी कराया गया, जिससे उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। क्राफ्ट और पेंटिंग जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राध्यापकों ने छात्राओं को अनुशासन तथा दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली अच्छी आदतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राध्यापकों ने बताया कि ऐसी गतिविधियां बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्राध्यापकों ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं में कौशल विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि यह उन्हें भविष्य में आत्मविश्वासी और सक्षम बनाने में सहायक होगा। इस कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव की मंशा एवं संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश के प्रयास से एक्टीविटी कॉर्नर का आयोजन हुआ। सर्व प्रथम प्रभारी प्राचार्य डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने छात्राओं को संबोधित किया और कहा कि छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का यह सुनहरा अवसर है। क्रीड़ा विभाग की योग एवं जिम्नास्टिक खिलाड़ी हिमानी ने कार्यक्रम का संचालन किया।



स्टूडेंट्स की प्रतिभाओं को मिली सराहना

कार्यक्रम के समापन पर स्टूडेंट्स के उत्साह और प्रतिभा की सराहना की गई। उन्हें भविष्य में भी इसी तरह के आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। क्रीड़ा विभाग द्वारा एक्टीविटी कॉर्नर का आयोजन किया गया। छात्राओं की क्रिएटिविटी निखारने एवं उनकी प्रतिभा को बाहर लाने हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान चंद्र योग चंद्र नमस्कार का प्रदर्शन चंचल यादव ने किया। नुक्कड़ नाटक मैदान की व्यथा का प्रदर्शन किया गया, जिसके कलाकार जागृति ठाकुर, गीतिका सिन्हा (सूत्रधार), भूमिका साहू, रेणुका साहू, भोमिता साहू, आयशा परवीन, नन्दनी नायक, इन्द्रू, प्रीति सोरी, खुशबू तांडी ने विभिन्न खेल मैदानों एवं खेलों की व्यथा कही। छात्राओं ने स्वयं अपने डायलाग लिखे।

योग का किया प्रदर्शन, जिम्नास्टिक के जरिए दिखाया हुनर

मण्डला योग एवं ताली योग का प्रदर्शन योग विभाग द्वारा किया गया। इसमें अंचिका साहू, कीर्ति नेताम, भूमिका, कविता वर्मा, केमल दास मानिकारी, भूमिका ठाकुर ने किया। हिमानी ने जिम्नास्टिक का प्रदर्शन किया, कार्टव्हील, वैलेंसिंग ने सभी का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम में डॉ. सुषमा यादव, डॉ. मुक्ता बाखता, डॉ. अनुजा चौहान, डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. मंजूलता साव, डॉ. मिलिद अमृतफले, डॉ. वैभव सोनी, दीपक टाकुर, अरविंद लोखंडे, नेहा उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वय क्रीडा अधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामदास यादव, विजय चंद्रकार, विमल यादव, ओम ध्रुव ने सहयोग किया।



सिटी स्पोर्ट्स

अंडर-14 क्रिकेट टीम के लिए सम्भावित खिलाड़ियों की घोषणा,



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के दिशा-निर्देशानुसार जिला क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा 20 सितंबर को आधारशिला स्कूल के खेल मैदान में अंडर-14 क्रिकेट टीम के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया गया था। इस ट्रायल में बिलासपुर शहर के अलावा पेंड्रा, मरवाही, तखतपुर, मुंगेली, जांजगीर, कोटा, मस्तूरी, बिल्हा, सीपत, लोरमी और मल्हार जैसे दूरस्थ क्षेत्रों से कुल 212 युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पहुंचे थे। खिलाड़ियों के चयन के लिए गठित विशेषज्ञ समिति में चयनकर्ता के रूप में एस. जावेद, आकाश सिंह, प्रवीण कुमार, अभिनव शर्मा, शिवेन्द्र सिंह और नावेद अली शामिल थे। वहीं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से आधिकारिक ऑब्जर्वर के रूप में जितेंद्र वेगड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। चयनकर्ताओं द्वारा अंडर-14 कैंप के लिए जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव देवेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी चयनित सम्भावित खिलाड़ी 5 अक्टूबर को दोपहर बाद 3:00 बजे साइंस कॉलेज मैदान (सरकंडा) बिलासपुर में आयोजित विशेष कैंप में अनिवार्य रूप से सफेद क्रिकेट वेशभूषा में उपस्थित होंगे। इस कैंप के दौरान सिलेक्शन मैचेस (चयन मुकाबले) कराए जाएंगे, जिनके प्रदर्शन के आधार पर ही अंतिम बिलासपुर जिला अंडर-14 क्रिकेट टीम का गठन किया जाएगा। ट्रायल प्रक्रिया के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव विंटेश अग्रवाल, क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव देवेंद्र सिंह, शरद मुरारका, आनंद तावड़कर, सुशांत शुक्ला और सौरभ राय सहित संघ के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।


26वीं राज्य स्तरीय बेसबॉल में न्यायधानी बिलासपुर का दोहरा कब्जा



रायपुर। छत्तीसगढ़ बेसबॉल एसोसिएशन एवं जिला संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 26वीं जूनियर राज्य स्तरीय बेसबॉल चैंपियनशिप का 2 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ स्कूल ग्राउंड में गरिमामय समापन हुआ। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर, दुर्ग, कोरबा, महासमुंद, कवर्धा, दंतेवाड़ा, बिलासपुर एवं बेमेतरा सहित प्रदेश के 8 प्रमुख जिलों की बालक एवं बालिका टीमों ने भाग लिया और अपना बेहतरीन खेल कौशल दिखाया। प्रतियोगिता के दोनों ही वर्गों के फाइनल मुकाबलों में न्यायधानी बिलासपुर के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दोहरे खिताब पर कब्जा जमाया। बिलासपुर और कवर्धा के बीच खेले गए बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में बिलासपुर की टीम ने कवर्धा को 02-00 से पराजित कर विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। बालिका वर्ग के खिताबी मुकाबले में बिलासपुर की टीम ने दंतेवाड़ा को एकतरफा अंदाज में 05-00 से करारी शिकस्त देकर बालिका वर्ग के खिताब पर भी कब्जा जमा लिया। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रिंस भाटिया और प्रदेश सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील मिश्रा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान देने वाले विभिन्न जिलों के कोच एवं मैनेजरों—नेहा जायसवाल, राजा जोशी, उमाशंकर, आशीष यादव, अभिषेक, प्रिंस, भूपेंद्र गड़े और अंजली खलखो को मंच से विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

अंडर-19 टीम में चयनित हुए उभरते क्रिकेटर आदित्य

रायपुर। बिलासपुर जिले के प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटर आदित्य यादव ने अपनी कड़ी मेहनत और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आदित्य का चयन आगामी 8 अक्टूबर से पुडुचेरी में आयोजित होने वाली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की प्रतिष्ठित वीनू मांकड़ ट्रॉफी (अंडर-19 राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता) के लिए छत्तीसगढ़ की राज्य टीम में हुआ है। आदित्य यादव ने इससे पूर्व राज्य स्तर पर अंडर-14 और अंडर-16 वर्ग में खेलते हुए अपनी शानदार बल्लेबाजी और ऑलराउंड प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया था। मैदान पर उनके निरंतर अनुशासन, कठिन परिश्रम और तकनीक में सुधार के चलते ही उन्हें अब छत्तीसगढ़ की अंडर-19 राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई है।



वैश्विक स्तर पर विकराल रूप ले रही मस्तिष्क की यह गंभीर बीमारी, जानिए कारण और बचाव के सबसे कारगर उपाय

माइग्रेन और दिल के मरीज रहें सचेत, युवाओं में तेजी से बढ़ रहा साइलेंट किलर स्ट्रोक का खतरा

कुछ दशकों पहले तक स्ट्रोक (मस्तिष्क का दौरा) को बढ़ती उम्र के साथ होने वाली एक सामान्य स्वास्थ्य समस्या माना जाता था। हालांकि, आधुनिक दौर की जीवनशैली और बढ़ते तनाव के कारण अब युवा आबादी भी तेजी से इसकी चपेट में आ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के हालिया चौंकाने वाले आंकड़ों के अनुसार, हर साल दुनियाभर में 1.5 करोड़ (डेढ़ करोड़) से अधिक लोग स्ट्रोक के शिकार हो रहे हैं, जिनमें से लगभग 50 लाख लोग अपनी जान गंवा बैठते हैं। अमेरिका जैसे विकसित देशों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वहां 45 वर्ष से कम उम्र के करीब 70,000 युवाओं को हर साल स्ट्रोक झेलना पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि 10 से 15 प्रतिशत वयस्कों में समय के साथ-साथ यह जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है।

स्ट्रोक के लगातार बढ़ते जोखिमों की रोकथाम, शुरुआती लक्षणों की पहचान और त्वरित उपचार के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा प्रभावित मरीजों को बेहतर चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से हर साल अक्तूबर माह में 29 तारीख को 'विश्व स्ट्रोक दिवस' मनाया जाता है। लेकिन इसके प्रति जागरुकता हमेशा बढ़ाई जाती है। आज चिकित्सा जगत के सामने



सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर नवयुवक इतनी बड़ी संख्या में इसके शिकार क्यों हो रहे हैं और इससे बचाव के लिए कौन-कौन से प्राथमिक कदम उठाए जाने आवश्यक हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ और न्यूरोलॉजिस्ट बताते हैं कि स्ट्रोक मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं:

इस्केमिक स्ट्रोकः वैश्विक स्तर पर दर्ज किए जाने वाले मामलों में सबसे ज्यादा संख्या इस्केमिक स्ट्रोक की होती है। यह स्थिति तब बनती है जब मस्तिष्क तक रक्त पहुंचाने वाली प्रमुख धमनी में रक्त का थक्का जम जाता है, जिससे मस्तिष्क के हिस्सों को ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलना बंद हो जाते हैं।



हेमोरेजिक स्ट्रोकः यह स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क के अंदर या उसके आसपास की कोई रक्त वाहिका अचानक फट जाती है, जिससे मस्तिष्क के ऊतकों में आंतरिक रक्तस्राव होने लगता है।

हमारी रोजमर्रा की जीवनशैली और खान-पान से जुड़ी कई खराब आदतों के कारण रक्त वाहिकाओं में रुकावट आने लगती है, जिसके प्रति हर व्यक्ति को शुरुआत से ही सतर्कता और सावधानी बरतनी चाहिए।

युवाओं में स्ट्रोक बढ़ने के मुख्य कारण

कम उम्र के वयस्कों में स्ट्रोक के बढ़ते मामलों के पीछे कई प्रमुख जोखिम कारक जिम्मेदार हैं। इनमें मुख्य रूप सेः अनियंत्रित और गतिहीन जीवनशैली, अत्यधिक धूम्रपान और शराब का सेवन, डायबिटीज (मधुमेह) और उच्च रक्तचाप,बैड कोलेस्ट्रॉल का बढ़ा हुआ स्तर और आनुवंशिक कारण (परिवार में पहले किसी को स्ट्रोक होने की मेडिकल हिस्ट्री) शामिल हैं।

विशेषज्ञों का स्पष्ट मानना है कि यदि किसी व्यक्ति को माइग्रेन या हृदय रोग जैसी पहले से कोई बीमारी है, तो उनमें स्ट्रोक का खतरा आम लोगों की तुलना में कई गुना



अधिक बढ़ जाता है।

माइग्रेन के रोगियों को बरतनी चाहिए विशेष सावधानी

वैज्ञानिक अध्ययनों से यह पूरी तरह प्रमाणित नहीं होता है कि माइग्रेन सीधे तौर पर स्ट्रोक उत्पन्न करता है, लेकिन चिकित्सा शोध दर्शाते हैं कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों में स्ट्रोक का जोखिम थोड़ा अधिक रहता है। माइग्रेन और स्ट्रोक दोनों ही मूल रूप से मस्तिष्क से जुड़ी समस्याएं हैं और कई बार माइग्रेन का गंभीर दौरा स्ट्रोक जैसे भ्रम पैदा कर सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह है कि माइग्रेन से पीड़ित ऐसे लोग जो नियमित रूप से धूम्रपान भी करते हैं, उन्हें स्ट्रोक होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। इसलिए उन्हें तुरंत अपनी आदतें बदलनी चाहिए।

रसोईघर में पूजा स्थल बनाने से पहले जानें वास्तु शास्त्र

रसोईघर और पूजा घर—ये दोनों ही स्थान किसी भी गृहस्थ के जीवन में अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। भारतीय वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के इन प्रमुख कोणों का निर्माण यदि सही दिशा और नियमों के अनुरूप न किया जाए, तो इसका नकारात्मक प्रभाव संपूर्ण परिवार के स्वास्थ्य और मानसिक शांति पर पड़ता है।

घर में एकांत और शांत पूजा स्थल का महत्व

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के भीतर स्थानों का विभाजन बहुत सोच-समझकर किया जाना चाहिए। कौन सी वस्तु या कक्ष किस दिशा में है, इसका सीधा प्रभाव गृहस्वामी के जीवन पर पड़ता है। पूजा का स्थान सदैव एक एकांत, स्वच्छ और शांत स्थान पर होना चाहिए जहाँ घर का शोर-शराबा न पहुँचता हो। शांत वातावरण में बनाया गया मंदिर व्यक्ति के मन को स्थिर और एकाग्र रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

जब भी हमारा चित्त अशांत होता है, हम ईश्वर की शरण में एक शांत स्थल की खोज करते हैं। प्रार्थना कक्ष घर का वह आध्यात्मिक केंद्र है जहाँ परिवार के सदस्य ध्यान, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। यह स्थान सकारात्मक ऊर्जा का मुख्य स्रोत होता है, इसलिए इसका सही स्थान पर होना अत्यंत आवश्यक है ताकि आध्यात्मिक ऊर्जा बिना किसी बाधा के पूरे घर में प्रवाहित हो सके।

पूजा कक्ष के लिए आदर्श वास्तु और दिशाएं

वास्तु शास्त्र के अनुसार, पूजा कक्ष सदैव ऐसे स्थान पर स्थित होना चाहिए जो शांत और ध्यान-



साधना के लिए पूरी तरह अनुकूल हो। इसके लिए सबसे शुभ और फलदायी स्थान घर का ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा) माना गया है। यदि किसी कारणवश ईशान कोण में स्थान उपलब्ध न हो, तो पूर्व अथवा उत्तर दिशा में भी पूजा स्थल का निर्माण किया जा सकता है।

ये दिशाएं प्राकृतिक और आकाशीय ऊर्जा के प्रवाह के पूर्णतः अनुकूल होती हैं। इसके अतिरिक्त, पूजा घर हमेशा अत्यंत स्वच्छ, व्यवस्थित और अवांछित वस्तुओं (कबाड़) से मुक्त होना चाहिए। पूजा स्थल पर पर्याप्त प्राकृतिक प्रकाश और वायु का आवागमन भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

मिनटों में बनाएं शेफ स्टाइल क्रीमी 'इन्स्टेंट मग पास्ता'

आपने निश्चित रूप से अपने घर में माइक्रोवेव का इस्तेमाल खाना गर्म करने या बेकिंग जैसी चीज़ों के लिए कई बार किया होगा, लेकिन क्या आपने कभी इसमें झटपट और स्वादिष्ट पास्ता बनाने की कोशिश की है? अगर अभी तक नहीं किया है, तो एक बार इस आसान तरीके को जरूर आजमाकर देखें। माइक्रोवेव में पास्ता बनाने से न केवल आपके समय और गैस की बड़ी बचत होगी, बल्कि यह खाने में बेहद लज़ीज़ भी बनेगा। आइए विस्तार से जानते हैं कि माइक्रोवेव में परफेक्ट 'इन्स्टेंट मग पास्ता' बनाने के लिए आपको किन-किन जरूरी टिप्स का ध्यान रखना चाहिएः



सही और माइक्रोवेव-सेफ मग का चुनाव करेंः

स्वादिष्ट मग पास्ता बनाने की पहली शर्त सही बर्तन का चयन करना है। यदि आपका मग सही आकार और गुणवत्ता का नहीं होगा, तो पास्ता सही ढंग से नहीं पकेगा—कहीं से कच्चा तो कहीं से अत्यधिक गल जाएगा। इसके लिए हमेशा बड़े आकार के और माइक्रोवेव-सेफ Ceramic Mug का ही चुनाव करें। मग इतना बड़ा होना चाहिए कि पास्ता और पानी अच्छी तरह समा जाएं और उबलते समय पानी या सॉस बाहर न छलके।

पास्ता और पानी का सटीक अनुपात बनाए रखें

मग पास्ता बनाते समय सामग्रियों की सही मात्रा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। एक बार में लगभग आधा कप (1/2 Cup) पास्ता लें और उसमें पकाने के लिए लगभग एक कप पानी डालें।



वास्तु के अनुसार बेडरूम में लगाएं नाइट बल्ब, रात में आएगी अच्छी नींद

अगर आपको हल्की रोशनी में सोना अच्छा लगता है तो आपको वास्तु के अनुसार नाइट बल्ब को अपने बेडरूम में लगाना चाहिए। रात में हर व्यक्ति के सोने का अपना अलग तरीका होता है। जहां कुछ लोग कमरे में पूरी तरह से अंधेरा करके सोना पसंद करते हैं। अगर कमरे में थोड़ी सी भी लाइट होती है तो उन्हें नींद ही नहीं आती है। वहीं इससे ठीक उलट कुछ लोगों को अंधेरे में डर लगता है या फिर वे कंफर्टेबल फील नहीं करते हैं। ऐसे में वे नाइट बल्ब का इस्तेमाल करते हैं। वास्तु के अनुसार भी कमरे में हल्की मध्यम रोशनी में सोना काफी अच्छा माना जाता है। इससे आपको नींद भी अच्छी आती है। अगर आपको भी लाइट में सोना पसंद हैं और आप अपने कमरे में नाइट बल्ब का इस्तेमाल करती हैं तो आपको वास्तु की कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि आपको अपने बेडरूम में नाइट बल्ब का इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए



सही दिशा में लगाएं बल्ब

जब आप अपने कमरे में नाइट बल्ब का इस्तेमाल कर रही हैं तो आपको दिशाओं की ओर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। हमेशा दक्षिण पूर्व दिशा या उत्तर पश्चिम दिशा के कोने में ही नाइट बल्ब का इस्तेमाल करें। आपको कभी भी भूलकर भी दक्षिण पश्चिम दिशा में नाइट बल्ब या नाइट लैंप नहीं लगाना चाहिए।


यूं चुनें कलर

नाइट बल्ब लगाते समय आपको रंगों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। कोशिश करें कि आपके नाइट बल्ब का कलर लाइट ग्रीन हो। आपको कभी भी बेडरूम में रेड कलर के नाइट बल्ब का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से आपकी नींद खराब होती है। सपने भी अच्छे नहीं आते हैं। इतना ही नहीं, कई बार तो व्यक्ति रात में चौंककर उठ जाता है। कई बार न्यूली मैरिड कपल अपने कमरे में रेड कलर के नाइट बल्ब को लगाना पसंद करते हैं। अगर आपकी ऐसी इच्छा है तो आप बहुत ही लाइट रेड जो येलो नाइट बल्ब होने का अहसास करवाती है, उसका इस्तेमाल करें। (बेडरूम में इन लैम्प का करें इस्तेमाल)

अगर छत पर हो नाइट बल्ब

आजकल लोग बेडरूम में अलग-अलग तरह से नाइट बल्ब लगवाना पसंद करते हैं। इन दिनों छत पर भी नाइट बल्ब लगाने का चलन काफी बढ़ गया है। अगर आप अपने बेडरूम में इस तरह से नाइट बल्ब लगाना चाहती हैं तो ध्यान दें कि उसकी सीधी रोशनी आपके शरीर पर ना पड़े। इसे वास्तु अनुसार अच्छा नहीं माना जाता है। इससे आपको हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं, कई बार व्यक्ति रात में बैचेनी का अहसास भी करता है।

अगर आपको रात के समय अपने कमरे में बहुत ही हल्की लाइट का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं तो उसमें व्हाइट कलर का लैंप अच्छा रहता है।



कार्नर न्यूज

नवरात्रि, दशहरा से दीपावली तक के त्यौहारों को बनाएं बेहद खास

आगामी फेस्टिवल सीजन में बच्चों की खुशियों में लगाएं चार चांद, नए कपड़ों के साथ दें ये यूनिक गिफ्ट

जल्द ही शुरू होने जा रहे नवरात्रि के पावन पर्व के साथ ही अब देश भर में त्यौहारों का भव्य रंग जमने लगा है। नवरात्रि, विजयदशमी (दशहरा), करवाचौथ, धनतेरस से लेकर रोशनी के त्यौहार दीपावली तक का पूरा सीजन खुशियों, उमंग और खरीदारी का होता है। अक्सर इस दौरान हर घर में अभिभावकों के सामने यह दुविधा खड़ी होती है कि नए कपड़ों की खरीदारी के साथ-साथ बच्चों को ऐसा क्या खास उपहार दिया जाए जिससे वे झूम उठें।

वैसे तो त्यौहारों का यह मौसम नए वस्त्रों, पूजा-अर्चना, स्वादिष्ट मिठाइयों और आतिशबाजी के लिए जाना जाता है, लेकिन अगर इन आगामी त्यौहारों के दौरान बच्चों को उनकी पसंद और जरूरत का खास तोहफा मिल जाए, तो उनके लिए पर्व का उत्साह कई गुना बढ़ जाता है। त्यौहारों पर उपहार ऐसे होने चाहिए जिन्हें देखकर बच्चे खुशी से खिल उठें। उपहार का चुनाव करते समय उनकी रुचि और उपयोगिता दोनों का संतुलन बनाएं। आइए जानें इस त्यौहारी सीजन में बच्चों को दिए जाने वाले बेहतरीन गिफ्ट आइडियाजः



माइंड बूस्टिंग बोर्ड गेम्स और पज़ल्स

त्यौहारों की लंबी छुट्टियों में बच्चों को व्यस्त और सक्रिय रखने के लिए बोर्ड गेम्स एक बेहतरीन विकल्प हैं। यह उनके मानसिक और बौद्धिक विकास में मदद करते हैं। आजकल बच्चे इंडोर एक्टिविटीज में काफी रुचि दिखाते हैं, ऐसे में कैरम, चेस, लूडो, स्क्रैबल या पज़ल सेट जैसे गेम्स उन्हें स्क्रीन टाइम से दूर रखकर पढ़ाई और मनोरंजन का बेहतरीन संतुलन देंगे।



शुभ लाल रंग और ट्रेंडी एथनिक ड्रेसेस

नवरात्रि और दीपावली जैसे पावन धार्मिक अवसरों पर लाल रंग को शुभता, ऊर्जा और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में आप अपने बच्चों को उनकी पसंद का रेड एथनिक वेयर (जैसे कुर्ते-पायजामे, लहंगा-चोली) या फिर ट्रेंडी वेस्टर्न ड्रेसेस गिफ्ट कर सकते हैं। त्यौहारों के मौके पर पारंपरिक परिधान पहनकर बच्चे बेहद आकर्षक और खास महसूस करते हैं।

आकर्षक आर्टिफिशियल ज्वेलरी और एक्सेसरीज

त्यौहारों के दौरान सजने-संवरने का उत्साह बच्चों, खासतौर पर नन्हीं बेटियों में बहुत देखा जाता है। उन्हें सुंदर कपड़ों के साथ मैचिंग ज्वेलरी पहनना बहुत पसंद होता है। यदि आप गोल्ड या सिल्वर में निवेश नहीं करना चाहते, तो बाजार में आर्टिफिशियल ज्वेलरी के ढेरों प्यारे विकल्प उपलब्ध हैं। आप बेटियों को मैचिंग हेयर बैंड, बीड्स नेकलेस, रंग-बिरंगी चूड़ियां और क्यूट ईयररिंग्स गिफ्ट कर सकते हैं।

क्रिएटिव स्टेशनरी और आर्ट किट्स

आगामी त्यौहारों की छुट्टियों और रचनात्मक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए बच्चों को फैंसी स्टेशनरी गिफ्ट करना एक बहुत ही व्यावहारिक विचार है।





फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

सस्पेंस, साइकोलॉजिकल थ्रिल और खौफनाक राज़: 'वेरिटी' ने सिनेमाघरों में मचाया तहलका

विश्व प्रसिद्ध लेखिका कॉलीन हूवर के बेहद लोकप्रिय और रोंगटे खड़े कर देने वाले उपन्यास पर आधारित साइकोलॉजिकल थ्रिलर फ़िल्म 'वेरिटी' आखिरकार बड़े पर्दे पर रिलीज़ हो चुकी है और सिनेमाघरों में दर्शकों का जबरदस्त हुजूम उमड़ रहा है। फ़िल्म में ऐन हैथवे, डकोटा जॉनसन और जोश हार्टनेट मुख्य भूमिकाओं में हैं। इन तीनों ही दिग्गज कलाकारों के सधे हुए अभिनय और हर पल बदलते सस्पेंस ने दर्शकों को शुरुआत से लेकर अंत तक अपनी कुर्सियों से बांधकर रखा है।



फ़िल्म की मुख्य कहानी लोवेन एशले (डकोटा जॉनसन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक संघर्षरत और गुमनाम लेखिका है। लोवेन के करियर को तब सबसे बड़ा ब्रेक मिलता है, जब उसे देश की सबसे मशहूर और सफल लेखिका वेरिटी क्रॉफर्ड (ऐन हैथवे) की प्रसिद्ध बुक सीरीज़ की बाकी बची किताबों को पूरा करने का ज़िम्मा दिया जाता है। दरअसल, एक भीषण कार दुर्घटना का शिकार होने के बाद वेरिटी बोलने-चालने और लिखने में पूरी तरह असमर्थ हो चुकी है, जिसके चलते उसकी हिट सीरीज़ अधूरी रह गई है। किताबों पर रिसर्च करने और लिखने के उद्देश्य से लोवेन, वेरिटी के आलिशान लेकिन अजीब से सन्नाटे और रहस्य से भरे घर में रहने के लिए जाती है। वहाँ उसकी मुलाकात वेरिटी के पति जेरेमी क्रॉफर्ड (जोश हार्टनेट) से होती है, जो अपने परिवार में लगातार हुए दुखद हादसों से मानसिक रूप से पूरी तरह टूटा हुआ है। कहानी में सबसे बड़ा और खौफनाक मोड़ तब आता है, जब लोवेन को वेरिटी के स्टडी रूम में कागज़ात खंगालते समय एक अप्रकाशित पांडुलिपि (आत्मकथा) मिलती है।

टॉलीवुड

एक्शन, एडवेंचर और ट्रेजर-हंट थ्रिलर ने मचाया धमाल, तूफ़ानी अवतार दिखा 'सिग्मा' में

तमिल सिनेमा के मेगास्टार थलपति विजय के बेटे जेसन संजय ने आखिरकार फ़िल्म इंडस्ट्री में बतौर निर्देशक कदम रख दिया है। उनके निर्देशन में बनी पहली एक्शन-एडवेंचर और ट्रेजर-हंट थ्रिलर फ़िल्म 'सिग्मा' 2 अक्टूबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है। लाइका प्रोडक्शंस के विशाल बैनर तले निर्मित इस ग्रैंड फ़िल्म में लोकप्रिय अभिनेता संदीप किशन, फ़ारिया अब्दुल्ला और वरिष्ठ अभिनेता संपथ राज मुख्य भूमिकाओं में नज़र आ रहे हैं।



फ़िल्म की कहानी एक प्राचीन और खोए हुए खजाने की खोज पर आधारित है, जिसमें आधुनिक तकनीक, हाई-ऑक्टेन एक्शन और रहस्य का जबरदस्त तालमेल देखने को मिलता है। जेसन संजय ने प्रतिष्ठित लंदन फ़िल्म अकादमी से फ़िल्म मेकिंग की पढ़ाई की है, और उनकी यह ट्रेनिंग व नई सोच फ़िल्म के हर फ्रेम में साफ़ दिखाई देती है। फ़िल्म की पटकथा इतनी तेज़ और ग्रिपिंग है कि दर्शक पहले सीन से ही कहानी से पूरी तरह जुड़ जाते हैं। सिनेमाघरों में रिलीज़ होते ही फ़िल्म के एक्शन सीन्स, बैकग्राउंड स्कोर और मनोरंजक स्क्रीनप्ले की चारों तरफ प्रशंसा हो रही है। संदीप किशन ने अपने एक्शन अवतार से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है, वहीं जेसन संजय के निर्देशन की शैली को काफी परिपक्व माना जा रहा है। दक्षिण भारतीय सिनेमा में एक नए और प्रतिभावान युवा निर्देशक के रूप में जेसन संजय की इस पहली शुरुआत की सराहना हो रही है और फ़िल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है।

भोजपुरी

'पावर स्टार' पवन सिंह का भक्तिमय और भावुक नया गीत 'माई' रिलीज़

भोजपुरी संगीत जगत के सरताज और 'पावर स्टार' पवन सिंह का नया बेहद भावुक व भक्तिपूर्ण गीत 'माई' रिलीज़ हो चुका है। शारदीय नवरात्रि और दशहरे के पावन पर्व पर रिलीज़ हुए इस गीत ने आते ही इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तहलका मचा दिया है। इस गीत में मां की अगाध ममता, उनके निस्वार्थ प्रेम, त्याग और बच्चों के प्रति असीम समर्पण का बेहद मार्मिक चित्रण किया गया है। गीत की पहली ही पंक्ति से पवन सिंह की सुरीली और गंभीर आवाज़ सीधे श्रोताओं के दिलों में उतर जाती है। संगीत के माध्यम से यह पावन संदेश देने का प्रयास किया गया है कि इंसान के जीवन में मां का स्थान सबसे ऊपर है और मां का आशीर्वाद ही दुनिया का सबसे बड़ा सहारा है। रिलीज़ होते ही यह गीत विभिन्न म्यूज़िक प्लेटफॉर्म्स और यूट्यूब की ग्लोबल ट्रेंडिंग लिस्ट में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। पवन सिंह के प्रशंसकों और भोजपुरी दर्शकों द्वारा इस गीत को सोशल मीडिया पर जमकर शेयर किया जा रहा है। त्योहारी माहौल में इस तरह के पारिवारिक और भक्तिपूर्ण गीत की हर तरफ चर्चा हो रही है। संगीत समीक्षकों का मानना है कि धमाकेदार और एक्शन गी गीतों के लिए प्रसिद्ध पवन सिंह जब भी मां या पारिवारिक विषयों पर कोई गीत लाते हैं, तो उनकी भावुक अभिव्यक्ति दर्शकों को गहराई से जोड़ लेती है। यह गीत इस त्योहारी सीजन में संगीत प्रेमियों के लिए एक अनमोल सौगात साबित हो रहा है।



जादुई जलवा

पेरिस में आयोजित 'हाउते कॉउचर फ़ैशन वीक' की शुरुआत इस बार पिछले सभी सीज़न की तुलना में बिल्कुल नए, अनोखे और धमाकेदार अंदाज़ में हुई। जैसे ही मॉडलों ने कैटवॉक पर अपने कदम रखे, उनके आत्मविश्वासी अंदाज़ और अनूठे परिधानों ने वहाँ मौजूद दर्शकों और फ़ैशन प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इस पूरे शो में सबसे ज़्यादा आकर्षण का केंद्र बना चमकदार ब्राइट रोज़ पिंक रंग का नेट फिशकट लहंगा, जिसे आधुनिक पेंटागन नेकलाइन वाले ब्लाउज के साथ बहुत ही खूबसूरती से पेयर किया गया था।



लाइफ स्टाइल

घर पर बनाएं दो ख़ास नेचुरल हेयर पैक, घने और मजबूत होंगे बाल

हर माहला चाहता ह ाक उसक बाल लब, घन आर चमकदार नज़र आए। इसके लिए हम अक्सर पार्लर जाकर महंगे-महंगे हेयर ट्रीटमेंट लेते हैं। शुरुआत में तो इनका असर दिखता है, लेकिन कुछ समय बाद रसायन (केमिकल्स) के प्रभाव से बाल फिर से बेजान और खराब होने लगते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हम सही और प्राकृतिक हेयर केयर रूटीन को फॉलो नहीं कर पाते। अगर आप अपने बालों को बिना नुकसान पहुंचाए कुदरती रूप से लंबा बनाना चाहती हैं, तो सही न्यूट्रिशन वाले हेयर पैक का इस्तेमाल करना बहुत ज़रूरी है।

करी पत्ता और गुड़हल के फूल का जादुई हेयर पैक

करी पत्ता और गुड़हल के फूल लगभग हर भारतीय घर में आसानी से मिल जाते हैं। यह एक बेहद पुराना और आजमाया हुआ दादी-नानी का घरेलू नुस्खा है, जिससे बालों का झड़ना रुकता है और ग्रोथ तेज़ होती है।

बनाने और लगाने का सही तरीकाः

थोड़े से ताज़े करी पत्तों को पानी से अच्छी तरह धोकर मिक्सी में डालें। इसमें एक या दो गुड़हल के फूल की पंखुड़ियां मिलाएं।अब इसमें थोड़ा सा ताज़ा दही, शुद्ध एलोवेरा जेल और हल्का सा पानी डालकर पीस लें और एक स्मूथ पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने बालों और स्कैल्प (जड़ों) पर अच्छी तरह लगाएं। इसे 30 मिनट के लिए बालों में लगा रहने दें और फिर सादे पानी से धो लें। नियमित इस्तेमाल से कुछ ही हफ़्तों में आपके बाल लंबे और चमकदार होने लगेंगे।

मेथी दाना औषधीय गुणों से भरपूर होता है जो बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है और असमय बालों को सफेद होने से रोकता है। 2 चम्मच मेथी दाना लें और उसे रातभर पानी में भिगोकर रखें। अगली सुबह पानी निकालकर मेथी दानों को मिक्सी में अच्छी तरह पीस लें। इस पिसे हुए पेस्ट में 2 चम्मच शुद्ध नारियल का तेल मिलाएं। इस मिश्रण को अपने बालों की जड़ों और स्कैल्प पर अच्छी तरह लगाएं। 1 घंटे बाद किसी माइल्ड (हल्के) शैम्पू से बालों को धो लें। बालों की देखभाल के लिए सही और प्राकृतिक चीज़ें लगाना शुरू करें। हालाँकि, अपनी स्कैल्प की स्थिति के अनुसार किसी भी नए घरेलू उपाय को अपनाने से पहले एक्सपर्ट या डर्मेटोलॉजिस्ट की सलाह ज़रूर लें।



हर मौक़े पर पुरुषों को परफेक्ट और हैंडसम लुक देती हैं पैंट्स



ज़्यादातर पुरुष पैंट खरीदते समय सिर्फ़ उसकी फ़िटिंग्स पर ध्यान देते हैं, लेकिन एक हैंडसम और अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए अवसर के हिसाब से सही पैंट का चुनाव करना बहुत ज़रूरी है। अगर आप भी हर मौक़े पर स्मार्ट दिखना चाहते हैं, तो अपनी अलमारी में पैंट्स के इन स्टाइल्स को ज़रूर जगह दें।

वूल ट्राउजर

ज़रूरी नहीं कि वूल ट्राउजर सिर्फ़ कड़क ठंड के लिए हो। यह पुरुषों को बेहद परिपक्व और रॉयल लुक देती है। गाढ़े बेज वूल ट्राउजर के साथ ब्लैक ब्लेजर और अंदर सफ़ेद शर्ट पहनें। चारकोल ग्रे वूल ट्राउजर को ब्लैक टी-शर्ट और व्हाइट स्नीकर्स के साथ पेयर करें।

चीनोज़

चीनोज़ एक ऐसी पैंट है जो आपके लुक को तुरंत कैजुअल से क्लासी बना देती है। यह पहनने में बेहद आरामदायक होती है। ब्लैक चीनोज़ के साथ सिल्की ब्लैक शर्ट पहनकर आप एक परफेक्ट नाइट पार्टी लुक पा सकते हैं।



जॉगर्स

लोग जॉगर्स को सिर्फ़ जिम या घर तक सीमित मानते हैं, लेकिन सही कॉम्बिनेशन के साथ इसे स्मार्ट कैजुअल के रूप में पहना जा सकता है। बाज़ार में इसके टाइट-फिट, रेगुलर और लूज-फिट पेटर्न उपलब्ध हैं। दोस्तों के साथ पार्टी करनी हो या डिनर डेट पर जाना हो, एक बढ़िया टी-शर्ट और जॉगर्स के साथ आप परफेक्ट लुक पा सकते हैं।



ड्रासट्रिंग ट्राउजर्स

आराम के मामले में ड्रासट्रिंग ट्राउजर का कोई मुकाबला नहीं है। यह गर्मी और सर्दी दोनों मौसम के लिए उपयुक्त है और ज़्यादातर लिनेन फ़ैब्रिक में आती है। समर में नीली ड्रासट्रिंग ट्राउजर को सफ़ेद लिनेन शर्ट के साथ पहनें। विंटर में खाकी रंग की ड्रासट्रिंग पैंट के साथ सफ़ेद शर्ट और ऊपर से डेनिम जैकेट पहनें।

क्लासिक डेनिम पैंट्स

डेनिम यानी जींस के बिना पुरुषों का वॉर्डरोब अधूरा है। अगर आप नियमित जींस नहीं भी पहनते, तो भी अपने पास 1-2 अच्छी फ़िटिंग्स वाली क्लासिक डेनिम पैंट्स ज़रूर रखें।

पर्ल वर्क ज्वेलरी आपके एथनिक आउटफिट्स के लिए होंगी बेस्ट

त्योहारों पर सही ज्वेलरी का चुनाव आपके साधारण से परिधान को भी बेहद ख़ास बना देता है। ज्वेलरी न केवल आपके लुक को पूरा करती है, बल्कि आपको भीड़ में सबसे खूबसूरत भी दिखाती है। इस फेस्टिव सीज़न अगर आप पारंपरिक कुंदन या गोल्ड से हटकर कुछ नया पहनना चाहती हैं, तो पर्ल वर्क (मोती) ज्वेलरी सबसे बेस्ट ऑप्शन है।

क्लासिक मोती स्टाइल पर्ल वर्क ज्वेलरी

गोल्ड प्लेटिंग के साथ मोती वर्क वाली यह ज्वेलरी साड़ी और एथनिक सूट्स के साथ बेहद रॉयल लगती है। यह बाज़ार में मात्र 500 के आसपास मिल जाती है। इसे सिल्क या कांजीवरम साड़ियों के साथ पहनकर आप बेहद एलिगेंट और क्लासिक लुक पा सकती हैं।

रॉयल मिरर वर्क विथ पर्ल ज्वेलरी

अगर आप त्यौहारों पर भारी लहंगे या इंडो-वेस्टर्न गाउन पहन रही हैं, तो मिरर वर्क और पर्ल के कॉम्बिनेशन वाली ज्वेलरी चुनें। शीशे का काम मोतियों की चमक के साथ मिलकर रात के उजाले में अद्भुत लुक देता है।यह आपको 600 से 700 की बजट रेंज में मिल जाएगी।



ट्रेंडी चेन स्टाइल पर्ल ज्वेलरी

मॉडर्न और एथनिक का मिक्स लुक चाहती हैं तो चेन टाइप वर्क पर्ल ज्वेलरी पहनें। यह आपको एक डिफ़रेंट और बोल्ड लुक देती है। इसे आप लगभग 800 में खरीद सकती हैं। इसे नेट या कॉटन साड़ियों के साथ पेयर करें, आप भीड़ से बिल्कुल अलग नज़र आएंगी।

त्योहारों से पहले स्किन केयर रूटीन में करें शामिल

दाग-धब्बे होंगे दूर और चेहरे पर आएगा नेचुरल ग्लो, घर पर रखी चीज़ों से करें त्वचा की देखभाल त्योहारों के भागदौड़ भरे माहौल में हर महिला चाहती है कि उसका चेहरा प्राकृतिक रूप से चमकता रहे और किसी तरह की पिंपल्स या रूखेपन की समस्या न हो। महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स की जगह अगर आप अपनी स्किन केयर रूटीन में प्राकृतिक चीज़ों को शामिल करेंगी, तो आपकी त्वचा बिना किसी साइड इफ़ेक्ट के चांद सी निखर उठेगी।

मुल्तानी मिट्टी फेस पैक से लाएं कुदरती निखार

मुल्तानी मिट्टी में कई औषधीय और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं जो चेहरे से एक्स्ट्रा ऑयल हटाकर मुहांसों की समस्या को कम करते हैं।

उपयोग का तरीकाः 1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी में आवश्यकतानुसार गुलाब जल या पानी मिलाकर स्मूथ पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर लगाएं और सूखने के बाद ठंडे पानी से धो लें। इसके बाद चेहरे पर मॉइस्चराइज़र ज़रूर लगाएं। हफ्ते में 2 बार इसका इस्तेमाल करें।

गुलाब जल से करें डीप क्लीजिंग

गुलाब जल प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है जो त्वचा को तरोताज़ा और डीप क्लीन करने में मदद करता है। उपयोग का तरीकाः रात को सोने से पहले कॉटन (रुई) की मदद से पूरे चेहरे को गुलाब जल से साफ करें। अगर आप हैवी मेकअप लगाती हैं, तो मेकअप हटाने और चेहरे को फ्रेश रखने के लिए भी गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकती हैं।



नारियल तेल से चेहरे की करें हल्की मसाज

नारियल तेल को एक बेहतरीन नेचुरल मॉइस्चराइज़र माना जाता है, जो त्वचा की अंदर से मरम्मत करता है और चेहरे पर चमक लाता है। उपयोग का तरीकाः थोड़े से नारियल तेल को हल्का गुनगुना कर लें। ठंडा होने के बाद रात को सोने से पहले चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करें।

कार्नर न्यूज

यू लुक पाने और साथ ही भीड़ से अलग नजर आने के लिए बेस्ट ऑप्शन

पार्टी में आपके लुक के आगे सबका रंग पड़ जाएगा फीका, जब स्टाइल करेंगी खास डिजाइन वाले गाउन

शादी के मौके पर महिलाएं साड़ी या लहंगा स्टाइल करती हैं। लेकिन, आमतौर पर रिसेप्शन पार्टी में महिलाएं न्यू लुक चाहती हैं। वहीं अगर आप भी ऐसा चाहती हैं तो आप इस खास मौके पर गाउन स्टाइल कर सकती हैं। गाउन न्यू लुक पाने और साथ ही भीड़ से अलग नजर आने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। आपके लिए कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले गाउन बाजार में आए हैं, जिनका चुनाव आप रिसेप्शन पार्टी के लिए कर सकती हैं।



एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन

रिसेप्शन पार्टी में रॉयल लुक पाने के लिए आप इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन का चुनाव कर सकती हैं। इस एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आएगा। ये गाउन आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ आसानी से मिल जाएंगे। इस गाउन के साथ अपना लुक कम्पलीट करने के लिए आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं।

एम्ब्रॉयडरी में आप इस तरह का फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क वाला गाउन भी स्टाइल कर सकती हैं और इस गाउन में आपका लुक बेहद ही अलग नजर आएगा। एम्ब्रॉयडरी वर्क में आप इस तरह के गाउन भी रिसेप्शन पार्टी में वियर कर सकती हैं। यह गाउन फुल स्लीव्स में है साथ ही राउंड नेक डिजाइन ऑप्शन के साथ आता है। इस तरह का गाउन में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

ऑर्गेंजा सिल्क गाउन

अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह के ऑर्गेंजा सिल्क गाउन स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के गाउन में आपका लुक बेहद ही अलग और खूबसूरत नजर आएगा। यह गाउन जहां ऑर्गेंजा सिल्क में है तो वहीं बैकलेस है। यह ऑर्गेंजा सिल्क गाउन आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएगा और इसे आप 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस गाउन के साथ आप पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी में स्टाइल कर सकती हैं।

इस तरह के नेट वाला गाउन भी आप रिसेप्शन पार्टी में वियर कर सकती हैं और यह गाउन आपको कई सारे कलर और वर्क आप्शन के साथ 3,000 से 6,000 रुपये में मिल जाएगा।

